RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से खबरें

स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 128 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,बुधवार, 04 नवम्बर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

नीट पीजी में बड़े बदलाव की तैयारी

पर्सेंटाइल की जगह लागू हो सकती है रैंक आधारित व्यवस्था, केंद्र ने दी जानकारी

एजेंसी। नई दिल्ली

मेडिकल की स्नातकोत्तर (पीजी) सीटों पर दाखिले की व्यवस्था में बड़ा बदलाव हो सकता है। नीट पीजी प्रवेश प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित 12 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति ने मौजूदा पर्सेंटाइल आधारित पात्रता व्यवस्था को खत्म कर रैंक आधारित मेरिट व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया है। समिति ने यह रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है। इसमें बताया गया है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने नीट पीजी और सुपर स्पेशियलिटी प्रवेश परीक्षा (नीट एसएस) दोनों के लिए इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। जल्द ही इस संबंध में मसौदा नियम जारी किए जाने की उम्मीद है। इसके बाद संबंधित पक्षों से सुझाव और राय मांगी जाएगी। समिति का मानना है कि दाखिला व्यवस्था में सुधार के साथ मेडिकल की पढ़ाई के न्यूनतम मानकों को भी बनाए रखना जरूरी है।



मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता पर समिति ने क्या चिंता जताई?

केंद्र सरकार की ओर से अदालत में दाखिल हलफनामे में विशेषज्ञ समिति ने कहा कि खाली सीटों की संख्या को देखते हुए सक्षम अधिकारियों ने पात्रता पर्सेंटाइल में कमी की है, लेकिन पीजी मेडिकल शिक्षा के न्यूनतम मानकों को बनाए रखना जरूरी है। समिति ने स्पष्ट किया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व को केवल प्रशासनिक औपचारिकता तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।

खाली पीजी मेडिकल सीटें भरने के लिए क्या सुझाव दिए गए?

विशेषज्ञ समिति ने पीजी मेडिकल पाठ्यक्रमों की खाली सीटों की समस्या दूर करने के लिए कई उपाय सुझाए हैं।

नीट पीजी की पर्सेंटाइल घटाने वाले फैसले से जुड़ा है मामला

यह पूरा मामला नीट पीजी 2025 की पात्रता के लिए निर्धारित कटऑफ पर्सेंटाइल में भारी कमी किए जाने के बाद सामने आया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने खाली पीजी मेडिकल सीटों को भरने के लिए पात्रता अंक में बड़ी कटौती की थी।

- सामान्य वर्ग का क्वालिफाइंग स्कोर 276 से घटाकर 103 कर दिया गया था।
- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए यह स्कोर 235 से घटाकर -40 कर दिया गया था।

इस फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाए थे। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने पात्रता पर्सेंटाइल में इतनी बड़ी कमी पर चिंता जताई थी। पीठ ने कहा था कि इस तरह की कटौती से मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होती दिखाई देती है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया था कि भले ही यह सरकार का नीतिगत फैसला हो, लेकिन वह इसकी जांच करेगी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को मौजूदा नीट दाखिला व्यवस्था का व्यापक ऑडिट करने, उसकी कमियों की पहचान करने और व्यावहारिक समाधान सुझाने का निर्देश दिया था।

गैर-क्लिनिकल पाठ्यक्रमों की फीस कम करने का सुझाव

- समिति ने राज्य की फीस निर्धारण समितियों और सक्षम अधिकारियों से क्लिनिकल तथा गैर-क्लिनिकल विषयों के लिए अलग-अलग फीस व्यवस्था पर विचार करने को कहा है। इसके तहत गैर-क्लिनिकल पाठ्यक्रमों की फीस कम रखने का सुझाव दिया गया है, ताकि उम्मीदवार इन विषयों में दाखिला लेने के लिए प्रोत्साहित हों।

प्री-क्लिनिकल और पैरा-क्लिनिकल विषयों में सेवा बंधन से छूट

- समिति ने सुझाव दिया है कि प्री-क्लिनिकल और पैरा-क्लिनिकल विषयों में दाखिला लेने वाले उम्मीदवारों को सेवा बंधन से छूट दी जाए। इससे इन विषयों की सीटें खाली रहने की समस्या कम हो सकती है।

काउंसलिंग के अतिरिक्त चरण आयोजित करने का सुझाव

- समिति ने बताया कि सीटें खाली रहने से बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद काउंसलिंग के अतिरिक्त चरण आयोजित किए जा रहे हैं। हालांकि, समिति ने यह भी आगाह किया कि अतिरिक्त चरणों से काउंसलिंग की पूरी प्रक्रिया में लगने वाला समय बढ़ जाता है।

सीट रोकने वाले उम्मीदवारों पर लगाम लगाने की तैयारी

- समिति ने सुझाव दिया है कि परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाएं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) पहचान सत्यापन और बायोमेट्रिक जांच की व्यवस्था पर विचार करें। इसका उद्देश्य ऐसे उम्मीदवारों को रोकना है, जो दाखिला लेने के बजाय केवल सीट रोकने के इरादे से प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होते हैं।

डेंटल और नर्सिंग की खाली सीटों पर भी विचार

- समिति ने डेंटल और नर्सिंग के स्नातकों के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने का सुझाव दिया है। लगातार खाली रहने वाली सीटों को बंद करने पर विचार करने और इन पाठ्यक्रमों की फीस कम करने का भी सुझाव दिया गया है।

मेडिकल काउंसलिंग में देरी रोकने के लिए क्या बदलाव हुए?

- मेडिकल काउंसलिंग समिति (एमसीसी) ने विशेषज्ञ पैनल को बताया कि 2026-27 की काउंसलिंग प्रक्रिया में कई बदलाव किए गए हैं। इनका उद्देश्य देरी और उम्मीदवारों की परेशानी कम करना है।

समिति की रिपोर्ट पर याचिकाकर्ता के वकील ने क्या सवाल उठाया?

- सुप्रीम कोर्ट में समिति की रिपोर्ट पेश होने के बाद याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए वकील सत्यम सिंह राजपूत ने इस प्रस्ताव पर सवाल उठाए। उन्होंने दलील दी कि पात्रता कटऑफ अंकों में भारी कमी के फैसले को सही ठहराने के बजाय समिति ने अब अंक निर्धारण की व्यवस्था में ही बदलाव करने का प्रस्ताव दे दिया है।

फ्रीज और फ्लोट श्रेणी की व्यवस्था

नई व्यवस्था के तहत उम्मीदवारों को उनकी पसंद के आधार पर दो श्रेणियों में बांटा गया है।

- फ्रीजः इसमें उम्मीदवार अपनी आवंटित सीट को बरकरार रखना चाहता है।
- फ्लोटः इसमें उम्मीदवार आवंटित सीट स्वीकार करने के साथ बेहतर सीट मिलने पर उसे अपग्रेड कराना चाहता है।

फ्लोट विकल्प चुनने वाले उम्मीदवार ऑनलाइन अपनी आवंटित सीट स्वीकार कर सकते हैं। साथ ही सीट अपग्रेड के लिए आवेदन भी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें संबंधित संस्थान में व्यक्तिगत रूप से जाने की जरूरत नहीं होगी।

दाखिले से जुड़ी दूसरी प्रक्रियाएं भी ऑनलाइन

सीट अपग्रेड होने के बाद उम्मीदवार को उसकी पहले आवंटित सीट से मुक्त करने की प्रक्रिया भी ऑनलाइन कर दी गई है। इसके अलावाः

- उम्मीदवार को फीस केवल एक बार जमा करनी होगी।
- फीस उसी संस्थान में जमा होगी, अंततः दाखिला लेने का फैसला करेगा।
- दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड किए जा सकेंगे।
- संस्थानों के नोडल अधिकारी ऑनलाइन दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे।

मेडिकल कॉलेजों की सीटों के आंकड़ों में कैसे आया सुधार?

- राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को एमसीसी के काउंसलिंग पोर्टल से जोड़ दिया गया है।
- इससे मेडिकल कॉलेजों की सीटों का विवरण सीधे साझा करने और उसका सत्यापन करने में मदद मिलेगी।
- पहले मेडिकल कॉलेज अपनी सीटों का विवरण सीधे एमसीसी को भेजते थे।
- इसके बाद एमसीसी को इन आंकड़ों का एनएमसी के रिकॉर्ड से मैन्युअल तरीके से मिलान करना पड़ता था।
- नई व्यवस्था में एनएमसी को सीधे काउंसलिंग पोर्टल से जोड़ दिया गया है।

समिति के मुताबिक, इससे सीटों के विवरण में दोहराव की समस्या खत्म हुई है। साथ ही काउंसलिंग का कार्यक्रम व्यवस्थित करने में भी मदद मिली है।

काउंसलिंग के लिए क्या नई व्यवस्था बनाने का सुझाव है?

विशेषज्ञ समिति ने भविष्य की काउंसलिंग प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए पांच प्रमुख सुझाव दिए हैं।

- एनएमसी, एनबीईएमएस और एनटीए को काउंसलिंग शुरू होने से काफी पहले सत्यापित सीटों का विवरण उपलब्ध कराना चाहिए।
- एमसीसी को हर शैक्षणिक वर्ष और पाठ्यक्रम के लिए काउंसलिंग का निश्चित कार्यक्रम तैयार करना चाहिए और उसे मंजूरी के लिए सुप्रीम कोर्ट के सामने रखना चाहिए।
- काउंसलिंग को व्यवस्थित बनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं तैयार की जाएं और हर साल उन्हें अपडेट किया जाए।
- काउंसलिंग से पहले और बाद में संबंधित पक्षों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएं, ताकि कमियों और बार-बार सामने आने वाली समस्याओं की पहचान हो सके।

एमपी राज्यसभा उपचुनाव: कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी का पर्चा खारिज

हरदीप पुरी के फॉर्म पर विपक्ष ने जताई आपत्ति



एजेंसी। भोपाल

मध्य प्रदेश में राज्यसभा की रिक्त सीट पर उपचुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार राजकुमार लोहानी को बड़ा झटका लगा है। निर्वाचन अधिकारी ने अनिवार्य दस्तावेज नहीं होने के कारण उनका नामांकन निरस्त कर दिया। एक अन्य उम्मीदवार कांते सायन्ना का पर्चा भी प्रस्तावक नहीं होने के कारण खारिज हो गया। इस फैसले से चुनावी मुकाबले में कांग्रेस समर्थित खेमे को झटका लगा है। इस बीच, कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने भाजपा उम्मीदवार हरदीप सिंह पुरी के हलफनामे पर तीन गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई हैं। हेमंत कटारे राजकुमार लोहानी के प्रस्तावक और अटेर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। आपत्तियों में पत्नी और संपत्ति का ब्योरा, विदेशी मुद्रा में संपत्ति का उल्लेख और नोटरी प्रक्रिया की वैधानिकता से जुड़े सवाल शामिल हैं। हरदीप सिंह पुरी को इन आपत्तियों का जवाब देने के लिए शाम पांच बजे तक का समय दिया गया।

कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों के नामांकन निरस्त

भोपाल के समाजसेवी राजकुमार लोहानी ने अपने नामांकन के साथ अनिवार्य शपथ पत्र फॉर्म-26 संलग्न नहीं किया था। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित यह दस्तावेज चुनाव प्रक्रिया के लिए जरूरी होता है। आवश्यक दस्तावेज की कमी पाए जाने पर रिटर्निंग ऑफिसर ने उनका नामांकन निरस्त कर दिया। इसके अलावा, उम्मीदवार कांते सायन्ना का नामांकन भी प्रस्तावक नहीं होने के आधार पर खारिज किया गया।

हरदीप पुरी के हलफनामे पर आपत्तियां

विधायक हेमंत कटारे ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अपनी पत्नी का नाम हलफनामे में छिपाया है। उन्होंने विदेशी मुद्रा (स्विस फ्रैंक और डॉलर) में संपत्ति दर्शाने पर भी आपत्ति जताई। नियमों के अनुसार, उम्मीदवार को अपनी संपत्ति भारतीय मुद्रा में लिखना अनिवार्य है। हलफनामे में जेनेवा स्थित अपार्टमेंट और विदेशी खातों का विवरण दर्ज नहीं है। तीसरी आपत्ति नोटरी एक्ट के उल्लंघन और नोटरी के समक्ष उपस्थित न होने को लेकर उठाई गई है।

पश्चिम एशिया संघर्ष में 23 भारतीयों की मौत

काला सागर में पांच की गई जान, ओमान के तट पर हमले में एक भारतीय नाविक की मौत

एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष, समुद्री जहाजों पर हमलों, रूस में फंसे भारतीय नागरिकों, नेपाल में हेलीकॉप्टर हादसे और विदेशों में पढ़ रहे भारतीय छात्रों से जुड़े मुद्दों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान अब तक 23 भारतीय नागरिकों की मौत हुई है। इनमें 15 भारतीय नाविक शामिल हैं। वहीं, काला सागर क्षेत्र में व्यावसायिक जहाजों पर हुए हमलों में पांच भारतीय नागरिकों की जान गई है, जबकि दो अभी भी लापता हैं।



पश्चिम एशिया संघर्ष में 23 भारतीयों की मौत

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत पश्चिम एशिया की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और क्षेत्र में हो रहे घटनाक्रमों पर करीबी निगरानी रख रहा है। उन्होंने बताया कि संघर्ष के कारण बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर खाद्य पदार्थों, ईंधन, उर्वरक और वित्तीय गतिविधियों पर भी पड़ रहा है।

ओमान के तट पर हमले में भारतीय नाविक की मौत

ओमान के तट के पास एक व्यावसायिक जहाज पर हुए हमले में एक भारतीय नाविक की मौत हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि जहाज पर भारतीय चालक दल के 14 सदस्य सवार थे। हादसे में एक की मौत के बाद शेष 13 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित भारत वापस लाने की प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही मृतक नाविक के पार्थिव शरीर को भारत लाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। जायसवाल ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई के लिए ओमान के अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने सभी पक्षों से बातचीत और कूटनीति के जरिए विवाद सुलझाने की अपील की। साथ ही कहा कि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र और समुद्री मार्गों पर जहाजों की निर्बाध आवाजाही की स्वतंत्रता बहाल होनी चाहिए और इसकी गारंटी दी जानी चाहिए।

रूस में फंसे भारतीयों की रिहाई का मुद्दा उठाया

रूस में मौजूद भारतीय नागरिकों की वापसी को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह मामला लगातार रूसी पक्ष के सामने उठाया जा रहा है। जायसवाल ने बताया कि विदेश मंत्री ने जी-20 बैठक से इतर रूस के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। इसमें यूरोप, मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि रूस के पास मौजूद भारतीय नागरिकों की रिहाई का मुद्दा विभिन्न स्तरों पर लगातार उठाया जा रहा है। वहीं, रूस-यूक्रेन संघर्ष में शांति स्थापित करने को लेकर भारत अपने सुझाव दोनों देशों के साथ साझा कर चुका है।

नेपाल में हेलीकॉप्टर हादसे में एक भारतीय की मौत

नेपाल में दो हेलीकॉप्टरों के आपस में टकराने की घटना पर भी विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी। जायसवाल ने कहा कि मंत्रालय ने हादसे से जुड़ी खबरें और तस्वीरें देखी हैं। इस दुर्घटना में एक भारतीय नागरिक की मौत हुई है, जिसकी पुष्टि काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने की है। दूतावास की ओर से शोक व्यक्त किया गया है। मृतक का पार्थिव शरीर जल्द से जल्द भारत लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

फ्रांस और इटली में भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी

यूरोप के कुछ देशों में जारी विरोध प्रदर्शनों और अशांति को लेकर भी विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। जायसवाल ने कहा कि फ्रांस और इटली में स्थित भारतीय दूतावासों ने एडवाइजरी जारी की है। बेल्जियम की स्थिति के बारे में उन्होंने तत्काल पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं होने की बात कही। उन्होंने कहा कि संबंधित देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों और छात्रों को भारतीय दूतावासों की एडवाइजरी के साथ स्थानीय सरकारों की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए।

उज्बेकिस्तान में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की शिक्षा पर नजर

उज्बेकिस्तान में भारतीय छात्रों, विशेषकर मेडिकल की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के मुद्दे पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार वहां की सरकार और संबंधित अधिकारियों के लगातार संपर्क में है। जायसवाल ने बताया कि ताशकंद स्थित भारतीय दूतावास ने छात्रों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसके अलावा नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने भी विदेश में मेडिकल शिक्षा हासिल करने की योजना बना रहे छात्रों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों से इन दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने की अपील की। प्रवक्ता ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उज्बेकिस्तान में मेडिकल शिक्षा हासिल करने वाले भारतीय छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और वहां की शिक्षा व्यवस्था भारत के नेशनल मेडिकल कमीशन के निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुरूप हो।

दिल्ली-पुणे इंडिगो फ्लाइट में बड़ा हादसा टला: यात्री ने इमरजेंसी गेट से की छेड़छाड़, विमान में मचा हड़कंप

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली से पुणे जा रही इंडिगो की एक उड़ान में सवार एक यात्री ने उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद कथित तौर पर इमरजेंसी दरवाजे के लीवर का कवर खोलने की कोशिश की, जिससे विमान में अलार्म बज गया। यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी।



आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज

इस घटना के बाद, इंडिगो के एक क्रू मेंबर ने यात्री के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान पुणे जिले के सासवड निवासी 33 वर्षीय गौरव सत्येंद्र रौतेला के रूप में हुई है। वह इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6श्व6884 से यात्रा कर रहा था और इमरजेंसी एग्जिट के बगल वाली सीट, 19ष्ठ पर बैठा था।

पुलिस ने क्या बताया?

एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर गोविंद पवार ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि शुरुआती पूछताछ में यात्री ने दावा किया कि उसने केवल उत्सुकतावश लीवर कवर को खोलने की कोशिश की थी, और उसे नहीं पता था कि यह इमरजेंसी दरवाजे से जुड़ा हुआ है। जैसे ही उसने कवर को छुआ, विमान के अंदर अलार्म बजने लगा, जिससे क्रू (चालक दल) सतर्क हो गया। पवार ने कहा कि इमरजेंसी दरवाजे के मैकेनिज्म के साथ छेड़छाड़ करने से विमान में सवार अन्य यात्रियों की जान और सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने आगे बताया कि अलार्म सिस्टम विमान के सुरक्षा प्रोटोकॉल का हिस्सा है और इसे ऐसी स्थितियों में क्रू को सतर्क करने के लिए ही डिजाइन किया गया है।

कब की है घटना?

यह घटना सोमवार को रात करीब 12:45 बजे हुई, जब विमान दिल्ली से उड़ान भर चुका था। विमान रात करीब 2 बजे पुणे में उतरा। इस घटना के बाद, इंडिगो के क्रू मेंबर ओंकार विनोद कुलकर्णी ने यात्री के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पवार ने यह भी बताया कि 2024 में भी ऐसी ही एक घटना हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

सुप्रीम कोर्ट: मीडिया ट्रायल पर अभिषेक बनर्जी को राहत

एजेंसी। नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी को मीडिया ट्रायल के मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने कलकत्ता हाईकोर्ट को उनकी याचिका पर विचार करने का निर्देश दिया है। बनर्जी ने आरोप लगाया है कि जांच एजेंसियां उनके खिलाफ चल रही जांच से जुड़ी जानकारियां चुनिंदा मीडिया संस्थानों को दे रही हैं। इससे उनकी छवि खराब हो रही है। साथ ही, चल रही जांच भी प्रभावित हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट इस मामले पर सुनवाई करे।

चाय बागान मजदूरों को मिलेगा दीपावली तोहफा, श्रमिकों के खातों में भेजे जाएंगे पांच हजार रुपये

एजेंसी। सिलीगुड़ी

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को दिवाली और काली पूजा से पहले चाय बागान के 19,524 श्रमिकों के लिए 5,000 रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने कहा कि सरकार उनके मासिक चावल के कोटे को 35 किलोग्राम से बढ़ाकर 50 किलोग्राम करने पर विचार कर रही है।



शुभेंदु अधिकारी ने क्या है?

यहां उत्तरकन्या में एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए, अधिकारी ने कहा कि वित्तीय सहायता सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाएगी, जिस पर 9.76 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।उन्होंने कहा, 'शुरुआत में मैंने बड़ी राशि देने के बारे में सोचा था, लेकिन राज्य की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इसलिए, हमने 19,524 चाय बागान श्रमिकों में से प्रत्येक को 5,000 रुपये देने का फैसला किया है। यह राशि दिवाली से पहले सीधे उनके बैंक खातों में भेज दी जाएगी।' मुख्यमंत्री ने चाय बागान श्रमिकों के लिए मासिक चावल का कोटा मौजूदा 35 किलोग्राम से बढ़ाकर 50 किलोग्राम करने की योजना की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव की जांच की जा रही है और बढ़ी हुई मात्रा जनवरी से उपलब्ध कराई जा सकती है।

श्रमिकों के लिए मासिक चावल को लेकर क्या बोले?

उन्होंने कहा, 'हम मासिक कोटे को 35 किलोग्राम से बढ़ाकर 50 किलोग्राम करने के प्रस्ताव की जांच कर रहे हैं। उम्मीद है कि जनवरी से श्रमिकों को यह बढ़ी हुई मात्रा मिलने लगेगी। इसका लाभ चालू और बंद, दोनों तरह के चाय बागानों के श्रमिकों को मिलेगा।' उन्होंने कहा, इस इलाके में अभी भी कई चाय बागान बंद हैं। हम उन्हें फिर से खोलने के लिए काम कर रहे हैं ताकि मजदूरों को रोजगार मिल सके।

प्रधानमंत्री चाय श्रमिक योजना को लेकर क्या बोला?

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सभी चाय बागान मजदूरों को 'प्रधानमंत्री चाय श्रमिक योजना' के दायरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पात्र मजदूरों से अपने जॉब कार्ड तैयार रखने को कहा, ताकि वे VBRAM-G योजना के तहत रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें। इस योजना में 300 रुपये प्रतिदिन की दर से 125 दिनों के काम का प्रावधान है।

तीन करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठियों के दावे पर सियासी संग्राम तेज, भाजपा और विपक्ष आमने-सामने

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के देश में तीन करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठियों के मौजूद होने के दावे को लेकर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। इस मुद्दे पर भाजपा और विपक्षी दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा नेताओं ने विपक्ष पर अवैध प्रवासियों को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इसी वजह से विपक्ष विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध कर रहा है। वहीं, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने अमित शाह के दावे पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि यदि देश में इतनी बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिये मौजूद हैं तो केंद्र सरकार ने अब तक उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की है? भाजपा नेताओं का कहना है कि विपक्ष एसआईआर प्रक्रिया का विरोध करके अवैध रूप से देश में रह रहे लोगों को संरक्षण देने की कोशिश कर रहा है। भाजपा का आरोप है कि मतदाता सूची के शुद्धीकरण की प्रक्रिया से ऐसे लोगों की पहचान करने में मदद मिलेगी, जो नियमों के विपरीत मतदाता सूची में शामिल हैं।



राहुल गांधी के विदेशी मदद वाले बयान पर किरेन रिजिजू का पलटवार, बोले, भारत के दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ा रहे

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के विदेशी मदद से जुड़े आरोपों पर सियासी घमासान तेज हो गया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने हैं और इसी के सहारे पद पर बने हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती भी दी। अब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा है कि वह भारत के दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ा रहे हैं। रिजिजू ने विदेशी समर्थन को लेकर दूसरों पर आरोप लगाने को हास्यास्पद करार दिया।



राहुल ने प्रधानमंत्री पर लगाए विदेशी मदद लेने के आरोप

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए कई सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री विदेशी मदद से सत्ता में आए और विदेशी समर्थन के सहारे ही अपने पद पर बने हुए हैं। राहुल गांधी ने देश की आर्थिक व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने दावा किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था विदेशियों के नियंत्रण और समर्थन से संचालित हो रही है।

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को दी खुली बहस की चुनौती

राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी को खुली बहस की चुनौती भी दी। उन्होंने कहा कि बहस के लिए कोई भी मंच और समय तय किया जा सकता है। राहुल ने दावा किया कि प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर बहस से बचेंगे, क्योंकि उन्हें उनके सवालों और जानकारी का सामना करने में परेशानी होगी।

टाइगर श्रॉफ गोलीबारी केस : करनाल से महिला गिरफ्तार, कुल 13 आरोपी हिरासत में

मुंबई, एजेंसी। मुंबई अपराध शाखा ने अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुई गोलीबारी के मामले में हरियाणा के करनाल से एक महिला को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के साथ, मामले में अब तक कुल 13 लोगों को हिरासत में लिया है। मुंबई पुलिस के अधिकारी ने बताया कि 22 वर्षीय आरोपी महिला को करनाल से पकड़ा गया। हालांकि, अपराध में उसकी विशिष्ट भूमिका का अभी तक खुलासा नहीं किया गया है। और महिला को मुंबई लाने की कानूनी प्रक्रिया जारी है। यह घटना 18 अक्टूबर को मुंबई के जुहू इलाके में हुई थी, जब टाइगर श्रॉफ एक फुटबॉल मैदान से बाहर निकल रहे थे। गोलीबारी में अभिनेता बाल-बाल बच गए थे, लेकिन उनके कार चालक और पास खड़े एक व्लॉगर घायल हो गए थे। गिरफ्तार किए गए कुल आरोपियों में अब तीन महिलाएं शामिल हैं।

चक्रवात मुरासु : ओडिशा में बारिश, 1.60 लाख लोग सुरक्षित

भुवनेश्वर, एजेंसी। आंध्रप्रदेश के तट पर गंभीर चक्रवाती तूफान मुरासु के टकराने के बाद ओडिशा के दक्षिणी जिलों में हल्की बारिश दर्ज हुई है। राज्य सरकार ने किसी भी प्रतिकूल मौसम स्थिति से निपटने के लिए सभी जिलाधिकारियों को तैयार रहने का निर्देश दिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा भारी बारिश और तेज हवाओं के पूर्वानुमान को देखकर दक्षिण क्षेत्र के पांच जिलों से 1.60 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और आपदा प्रतिक्रिया टीमों को तैनात किया गया है। ओडिशा के आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि कोरापुट, मलकानगिरि, कंधमाल और कालाहांडी सहित कई जिलों से हल्की बारिश की सूचना है। उन्होंने कहा कि राज्य लगातार हाई अलर्ट पर है, क्योंकि पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन ओडिशा के लिए एक बड़ी चुनौती है। मंत्री पुजारी ने लोगों से अपील की है कि वे मौसम सामान्य होने तक आश्रय स्थलों में ही रहें। मुरासु के कारण आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में हजारों पेड़ उखड़ गए हैं, बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हुए हैं और मछुआरों की नौकाओं को भी नुकसान पहुंचा है।

प्रशासनिक और न्यायिक व्यवस्था ने लोगों की स्थिति को कॉकरोच जैसा बना दिया

- हवाई किराए में बेतहाशा वृद्धि और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर भड़के सौरभ दास

नई दिल्ली, एजेंसी। त्योहारी सीजन में हवाई जहाजों के किराए में हुई बेतहाशा वृद्धि के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने दायर याचिका पर तुरंत सुनवाई करने से इनकार करने के बाद देश में बयानबाजी तेज हो गई है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) नेता सौरभ दास ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकालते हुए कहा कि देश की मौजूदा प्रशासनिक और न्यायिक व्यवस्था ने आम नागरिकों की स्थिति को कॉकरोच जैसा बना दिया है। दरअसल, त्योहारी सीजन में कई प्रमुख हवाई मार्गों पर टिकट की दरों में सात सौ फीसदी तक की भारी बढ़ोतरी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका पर जल्द सुनवाई का अनुरोध किया गया था। इस मामले की सुनवाई में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति ए सिंह की पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए टिप्पणी की थी कि लोग हवाई यात्रा न करें। सुप्रीम कोर्ट के इस बयान से आहत होकर सौरभ दास ने प्रकाशित खबरों का हवाला देते हुए लिखा कि आम जनता आज चौतरफा समस्याओं से घिरी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर जहरीला वायु प्रदूषण है तो सांस मत लो, सड़कों पर गड्ढे हैं तो चलो मत, पेट्रोल महंगा है तो गाड़ियां मत चलाओ, पेपर लीक हो रहे हैं तो परीक्षाएं मत दो और अगर मीडिया समाज को बांट रहा है तो टीवी देखना बंद कर दो। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी में नौकरी मत खोजो, यह पूरी व्यवस्था ही नागरिकों को विवश कर रही है।

कांग्रेस के साथ जो जाता है, डूब जाता है: शिवराज सिंह चौहान

लखनऊ , एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान के तहत मंगलवार को एनडीए गठबंधन ने लखनऊ में पदयात्रा निकाली। इसमें हजारों की संख्या में भाजपा और सहयोगी दलों के कार्यकर्ता शामिल हुए। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में निकली इस पदयात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ एनडीए के सहयोगी दलों के प्रमुख नेता भी शामिल हुए। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा।

पदयात्रा के दौरान केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने भाजपा को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि आपने हमें छेड़ दिया है। आज हजारों की संख्या में कार्यकर्ता लोकतंत्र बचाने और अराजकता हटाने के लिए सड़कों पर उतरे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनके मुताबिक, देश में 49 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं और प्रधानमंत्री ने दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो रहा है, लेकिन कांग्रेस को यह पसंद नहीं आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब विपक्ष चुनावी मैदान में मुकाबला नहीं कर पाता तो झूठ फैलाकर देश को गुमराह करने की कोशिश करता है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन लगातार इसी चिंता में लगा है कि नरेंद्र मोदी को कैसे हराया जाए।

इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कई राज्यों में लंबे समय से सत्ता से बाहर है। तमिलनाडु से लेकर उत्तर प्रदेश तक कांग्रेस की राजनीतिक जमीन कमजोर हुई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी ऐसी पार्टी और नेता हैं, जिनके साथ जो जाता है, वह भी डूब जाता है। डूबने के अलावा इनके पास कोई दूसरा रास्ता नहीं है। शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि चुनाव नहीं जीत पाने के कारण कांग्रेस और इंडी गठबंधन लोकतंत्र को गुंडातंत्र और लूटतंत्र में बदलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने देश के बंटवारे के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि 1905 में लॉर्ड कर्जन और 1947 में मोहम्मद अली जिन्ना ने देश को बांटने का प्रयास किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और इंडी गठबंधन भी इसी तरह की कोशिश कर रहे हैं। चौहान ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता देश को बांटने और विदेशी ताकतों के इशारे पर भारत विरोधी नैरेटिव चलाने की कोशिशों को सफल नहीं होने देगा।



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मृतकों, दूसरी जगह जा चुके लोगों और फर्जी व डुप्लीकेट नामों को मतदाता सूची से हटाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि करीब एक करोड़ फर्जी और डुप्लीकेट नाम हटाए गए हैं। उनके मुताबिक, इससे विपक्ष परेशान है, क्योंकि वह घुसपैठियों के सहारे सरकार बनाना चाहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए देश के हित में काम करते हैं, जबकि इंडी गठबंधन घुसपैठियों के पक्ष में खड़ा है।

घटिया काम करने पर शर्म आनी चाहिए, गडकरी ने ठेकेदार को लगाई फटकार

- केंद्रीय मंत्री मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की आधारशिला रखने गए थे वर्धा

वर्धा, एजेंसी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह महाराष्ट्र के वर्धा जिले में घटिया सड़क निर्माण को लेकर एक ठेकेदार को फटकार लगाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में गडकरी सड़क निर्माण में घटिया काम करने को लेकर ठेकेदार को फटकार लगाते दिखाई दे रहे हैं। गडकरी ठेकेदार से कहते सुनाई दे रहे हैं कि उसे ''इतना घटिया काम करने पर शर्म आनी चाहिए।'' केंद्रीय मंत्री ने ठेकेदार को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी और सड़क की मरम्मत तत्काल कराने के निर्देश दिए। यह घटना रविवार की बताई जा रही है, जब गडकरी ने वर्धा जिले के सिंदी शहर में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की आधारशिला रखी थी। यह परियोजना 150.42 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही है। इसका निर्माण महाराष्ट्र एमएमएलपी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण (जेएनपीए) का संयुक्त उद्यम है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गडकरी के कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि पूरी तरह विकसित होने के बाद यह पार्क सड़क और रेल के जरिये माल ढुलाई को सुगम बनाएगा। इससे रसद लागत और परिवहन में लगने वाला समय कम होगा, आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी और औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस परियोजना से रोजगार के अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। साथ ही इससे भारत की व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम से इतर एक स्थानीय विधायक ने वर्धा की एक सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता खराब होने की शिकायत केंद्रीय मंत्री गडकरी से की।

नवीन पटनायक के गुमशुदा पोस्टर से ओडिशा में सियासी घमासान

भुवनेश्वर, एजेंसी। ओडिशा की राजनीति में एक नया सियासी घमासान शुरू हुआ है, जब गंजाम जिले के हिंजिली में पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधायक नवीन पटनायक के गुमशुदा होने के पोस्टर लगे। इस घटना ने सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी बीजू जनता दल के बीच आरोप-प्रत्यारोप का एक नया दौर छेड़ दिया है। पोस्टर सामने आने के बाद कई सवाल उठ रहे हैं.....आखिर इन पोस्टरों के पीछे कौन है और इसका असली मकसद क्या है? माना जा रहा है कि इन पोस्टरों का संबंध चक्रवात और हाल ही में आई भीषण बाढ़ के बाद हिंजिली विधानसभा क्षेत्र में पूर्व सीएम पटनायक की कथित गैरमौजूदगी से है। पटनायक हिंजिली सीट से विधायक हैं, और उस समय में जब गंजाम जिले में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था और राज्य को भारी बाढ़ का सामना करना पड़ा था (जिससे 13 लाख लोग प्रभावित हुए थे), उनकी क्षेत्र में अनुपस्थिति को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, पोस्टर लगाने वालों की पहचान अभी तक उजागर नहीं हुई है, और न ही किसी व्यक्ति या संगठन ने इसकी जिम्मेदारी ली है, जिससे इसके पीछे का वास्तविक उद्देश्य अस्पष्ट बना हुआ है। इस घटना ने भाजपा और बीजेडी के बीच राजनीतिक बयानबाजी को तेज किया है। सत्ताधारी भाजपा पूर्व सीएम पटनायक की हिंजिली में कथित अनुपस्थिति पर लगातार सवाल उठा रही है, जबकि विपक्षी बीजेडी अपने नेता का बचाव कर रही है। बीजेडी का कहना है कि पटनायक ने पार्टी नेताओं और प्रशासन के साथ समन्वय के माध्यम से राहत और सामान्य स्थिति बहाल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फिलहाल, सबसे बड़ा सवाल यही बना हुआ है कि इन गुमशुदा पोस्टरों के पीछे किसका हाथ है और इसका राजनीतिक या अन्य क्या मकसद है। लेकिन इतना तय है कि हिंजिली में लगे इन पोस्टरों ने ओडिशा की राजनीति में चक्रवात के बाद राहत कार्यों और जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर एक नई बहस को केंद्र में ला दिया है।

राजधानी दिल्ली में पटाखों की अवैध बिक्री पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

नई दिल्ली, एजेंसी । सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में पटाखों की अवैध बिक्री पर केंद्र सरकार से तत्काल एक्शन लेने को कह दिया है। पटाखों की बिक्री पर पाबंदी के बावजूद राजधानी के बाजारों में विभिन्न प्रकार के पटाखों की धड़ल्ले से बिक्री पर न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने अखबार की खबर का संज्ञान लेकर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि न्यायालय के आदेशों का पूरी तरह से अनुपालन किया जाए।



न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा, आज की खबर में एक तस्वीर है, जिसमें दिखाया गया है कि हमारे आदेश के बावजूद दुकानों में सब कुछ उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बाजार में हर तरह के पटाखे उपलब्ध हैं, चाहे वे लाइसेंस प्राप्त हों या बिना लाइसेंस वाले, उन पर क्यूआर कोड हो या नहीं। न्यायालय ने इस स्थिति पर तुरंत ध्यान देने का निर्देश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में दीपावली (7 और 8 नवंबर) पर सुबह छह से सात बजे और रात आठ से 10 बजे तक केवल हरित पटाखे फोड़ने की अनुमति दी थी। हालांकि, न्यायालय ने अपने 29 अक्टूबर के आदेश में कहा था कि पूर्ण प्रतिबंध आदर्श समाधान प्रतीत होता है, लेकिन वर्तमान में उसके पास इतने आंकड़े नहीं हैं कि यह तय किया जा सके कि प्रदूषण की समस्या के लिए पूर्ण प्रतिबंध ही सबसे बेहतर विकल्प है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पटाखों से होने वाले प्रदूषण की समस्या पर चिंता जताकर कहा कि किसी व्यक्ति को किसी विशेष गतिविधि में शामिल होने का अधिकार, भले ही उसका धार्मिक पहलू हो, पूर्ण नहीं है और यह संवैधानिक पाबंदियों से आगे नहीं हो सकता। न्यायालय ने पहले के निर्देशों को लागू करने में अधिकारियों द्वारा बरती गई ढिलाई पर नाराजगी जाहिर की है। पीठ ने स्पष्ट किया कि 9 नवंबर से पटाखों पर पहले लगाया गया पूर्ण प्रतिबंध फिर से लागू हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने निर्देश दिया है कि अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों और अधिसूचित ध्वनि निषेध क्षेत्रों के 300 मीटर के दायरे में पटाखे नहीं फोड़े जाएंगे। इन क्षेत्रों को पटाखा-मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाएगा और उनकी विधिवत निशानदेही की जाएगी।

अनिश्चितकालीन धरनों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त: सार्वजनिक स्थान घेरना गलत

केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर मांगा जबाव

नई दिल्ली , एजेंसी। अनिश्चितकालीन धरनों पर सख्त रुख दिखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए हैं। यह कार्रवाई मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शनों पर दिल्ली पुलिस की सख्ती को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान की गई। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कोई भी समूह विरोध प्रदर्शन के लिए किसी सार्वजनिक स्थान पर अनिश्चित काल तक कब्जा करके नहीं बैठ सकता। यह टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्य कांत, और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस जेवी मोहना की पीठ ने की। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट की पीठ किराना कमिटी दिल्ली की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें त्यौहारों के दौरान विरोध प्रदर्शनों पर रोक लगाने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान विरोध करने के अधिकार, पुलिस की कथित ज्यादतियों, सार्वजनिक स्थानों पर पाबंदियों और प्रदर्शनों का व्यापार पर पड़ने वाले असर को लेकर तीखी बहस हुई।

दिल्ली व्यापारी संघों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शनों के कारण होने वाली बाधाओं पर गहरी चिंता जाहिर की। उन्होंने तर्क दिया कि विरोध-प्रदर्शनों से व्यावसायिक गतिविधियों को भारी नुकसान होता है, खासकर त्यौहारी सीज़न में हुआ नुकसान कारोबारी को ज्यादा तकलीफ देता है। वरिष्ठ अधिवक्ता रोहतगी ने अदालत से कहा कि कनॉट प्लेस और आसपास के इलाकों में दुकानें बंद रहीं, जिससे व्यापारियों को करोड़ों का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि अब किसी अलग तरह के समाधान (आउट-ऑफ-द-बॉक्स सॉल्यूशन) के बारे में सोचना होगा, क्योंकि यह सिर्फ जंतर-मंतर पर कुछ लोगों के बैठने का मामला नहीं, बल्कि आसपास रहने वाले 50 लाख लोगों और उनके कारोबार से जुड़ा हुआ मुद्दा है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने दिल्ली पुलिस द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत जारी आदेशों को अदालत में अलग से पेश न करने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अपनी कार्रवाई के पक्ष में तर्क दिए हैं, लेकिन संबंधित आदेश रिकॉर्ड पर नहीं हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मोदी सरकार के पांचवें हलफनामे में यह जानकारी मौजूद है, जिसमें हेबियस कॉर्पस याचिकाएं, पत्रकार, वकील और जंतर-मंतर को डीनोटिफाई करने जैसे



मामले शामिल हैं। गुरुस्वामी ने इस हलफनामे की एक प्रति की मांग की। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि बंद का आह्वान करने वालों को इसके नतीजों की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। जस्टिस बागची ने पूछा कि क्या विरोध-प्रदर्शन के आयोजकों को कानूनी कार्यवाही में पक्षकार बनाया गया है, जिस पर रोहतगी ने उन्हें भी शामिल करने की बात कही। सुप्रीम कोर्ट अब इस जटिल मामले में विरोध प्रदर्शन के मौलिक अधिकार और सार्वजनिक व्यवस्था व आर्थिक गतिविधियों के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास कर रहा है।

उमर पर निशाना साध रुहुल्लाह मेहदी ने छोड़ी नेशनल कॉन्फ्रेंस

-सांसद पद से भी इस्तीफे का ऐलान कर बोले- उमर ने भाजपा के सामने घुटने टेक दिए

श्रीनगर, एजेंसी । जम्मू-कश्मीर की राजनीति में मंगलवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। श्रीनगर से लोकसभा सांसद आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) छोड़ने और सांसद पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। बडगाम के जहरा पार्क में अपने पिता की पुण्यतिथि पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पार्टी नेतृत्व पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि उमर अब्दुल्ला ने भाजपा के सामने घुटने टेक दिए हैं और 2024 के विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं।



रुहुल्लाह मेहदी ने विशेष रूप से अनुच्छेद 370 और 35ए का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जिन मुद्दों को लेकर पार्टी ने जनता से समर्थन मांगा था, उन पर अपेक्षित कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा, वादे कुर्सियों से कहीं बड़े होते हैं। जनसभा स्थल और उनके आवास के बाहर लगाए गए बैनरों पर भी यही संदेश प्रमुखता से दिखाई दिया। एक अन्य बैनर पर चरित्र की राजनीति, सिद्धांतों की राजनीति लिखा था।

कुर्सी और सत्ता को लेकर उमर पर तंज

मुख्यमंत्री उमर पर निशाना साधते हुए मेहदी ने कहा कि कुछ लोगों ने सत्ता हासिल करने के लिए मतदाताओं के सामने अपनी टोपियां उतार दीं, लेकिन उन्हें जनता के वास्तविक सम्मान का अर्थ समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस कुर्सी पर आज कुछ नेता बैठे हैं, उसमें सत्ता तो है, लेकिन सम्मान नहीं है। उन्होंने अपने भाषण में कहा, मैं अपना सिर केवल सर्वशक्तिमान अल्लाह के सामने झुकाता हूं। मेरी प्रार्थना है कि मुझे कभी किसी और के सामने अपनी टोपी और पगड़ी न झुकानी पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि आमतौर पर लोग कुर्सी छिनने पर दुखी होते हैं, लेकिन वे खुद कुर्सी छोड़ने का फैसला कर रहे हैं और इससे खुश हैं।

तीन बार विधायक और पहली बार बने थे सांसद

आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने वर्ष 2002 में बडगाम विधानसभा सीट से पहली बार जीत दर्ज की थी। इसके बाद वह तीन बार विधायक चुने गए। वर्ष 2009 से 2014 तक उमर अब्दुल्ला की सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने श्रीनगर सीट से जीत हासिल कर पहली बार संसद में प्रवेश किया था। उनके इस्तीफे के ऐलान से नेशनल कॉन्फ्रेंस के भीतर राजनीतिक समीकरणों को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है।

महाराष्ट्र की पांच अदालतों को बम की धमकी, गहन तलाशी के बाद झूठी निकली

मुंबई , एजेंसी । महाराष्ट्र के पुणे, ठाणे, हिंगोली, बीड और नांदेड जिलों की जिला एवं सत्र अदालतों को परिसर में बम विस्फोट करने की धमकी वाले ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। इन धमकियों से राज्यभर में सुरक्षा को लेकर पुलिस ने तुरंत बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, विस्तृत जांच और बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) तथा श्वान दस्ते की गहन तलाशी के बाद किसी भी अदालत परिसर से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, और इन सभी धमकियों को झूठा घोषित किया गया। ठाणे शहर में अदालत की इमारत को दोपहर में ही खाली कराया गया था, क्योंकि कार्यालय को एक संदेश मिला था कि दोपहर साढ़े तीन बजे बम विस्फोट होगा। न्यायाधीशों, वकीलों और अन्य कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद, पुलिस ने पूरे परिसर की गहन तलाशी ली। पुणे में शिवाजीनगर अदालत परिसर को भी इसी तरह के ईमेल के बाद खाली कराया गया और बीडीडीएस टीम ने संभावित संदिग्ध वस्तु की तलाश की।

राहुल गांधी से मिल, सिद्धारमैया ने स्टिंग वीडियो मामले में जारी जांच पर जाहिर की नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी । कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात कर कथित स्टिंग वीडियो मामले में चल रही जांच पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। सूत्रों के मुताबिक, सिद्धारमैया ने आरोप लगाया कि उनकी ही पार्टी के कुछ नेता उनकी छवि खराब करने वाले मनगढ़ंत वीडियो को बनाने में शामिल हैं।



उन्होंने पुलिस जांच के तरीके पर असंतोष जताया, उनका कहना था कि पुलिस केवल वीडियो अपलोड करने वाले की तलाश कर रही है, जबकि इसके असली निर्माताओं का पता लगाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। पूर्व सीएम सिद्धारमैया ने इस फैब्रिकेटेड वीडियो को अपनी छवि धूमिल करने की साजिश बताया और राहुल गांधी से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का आग्रह किया।

ज्ञात हो कि सितंबर में यूट्यूब पर दो वीडियो अपलोड किए गए थे, जिसमें सिद्धारमैया के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए थे। इसके बाद उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया और मीडिया को उन पर रिपोर्टिंग से रोकने का आदेश प्राप्त किया। साथ ही, उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कर जांच की मांग भी की थी।

हालिया जांच में सामने आया है कि स्टिंग ऑपरेशन में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन दिल्ली से खरीदा गया था। बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी रितेश पांडे ने बताया कि विनोद शर्मा और उन्होंने प्रज्वल प्रसाद के निर्देश पर करोल बाग से फोन खरीदा और दिल्ली में केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी के सरकारी आवास पर प्रज्वल को सौंपा। दिल्ली के निवासी पांडे को 24 अक्टूबर को वीडियो अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

त्योहार पर मिलावटखोरों पर खाद्य विभाग का शिकंजा, 5 हजार लीटर तेल सीज

गणेश उद्योग और श्री गणेश ऑयल पर छापा, कासोरिया में 250 किलो खराब मावा मौके पर नष्ट; खाद्य कारोबारियों में हड़कंप

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा दीपावली पर मिठाइयों और खाद्य सामग्री की खरीदारी के बीच मिलावटखोरों के मंसूबों पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ा प्रहार किया है। मंगलवार को जिले में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए दो प्रतिष्ठानों से 5 हजार लीटर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल सीज किया गया, वहीं बनेड़ा ब्लॉक के कासोरिया गांव में मावा प्लांट से मिला 250 किलो खराब और अनुपयोगी मावा मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा टीमों ने मिलावटखोरी के खिलाफ मोर्चा खोला। भीलवाड़ा के गणेश उद्योग में जांच के दौरान 3 हजार लीटर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल सीज किया गया। वहीं अजमेर रोड स्थित श्री गणेश ऑयल से 2 हजार लीटर तेल जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। दोनों प्रतिष्ठानों से तेल के नमूने लेकर जांच के लिए अजमेर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

मावा प्लांट में मिला 250 किलो खराब माल, मौके पर ही कराया नष्ट

खाद्य सुरक्षा विभाग की दूसरी टीम ने बनेड़ा ब्लॉक के कासोरिया गांव स्थित मावा प्लांट का निरीक्षण किया। यहां करीब 250 किलो खराब और अनुपयोगी मावा मिला। टीम ने इसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया। संबंधित फर्म को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में सुधार के लिए नोटिस भी जारी किया गया।

सब्जी मंडी तक पहुंची जांच, मैदा का नमूना लिया

कार्रवाई का दायरा बढ़ाते हुए टीम ने शाम को सब्जी मंडी के वार्ड नंबर 31 स्थित श्री फूड्स का निरीक्षण किया। यहां से मैदा का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया।

त्योहार में मिलावट का खेल रोकने की तैयारी

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार रेगर, साक्षी जैन, विजय मेहता, नीरज मीणा, संजय वर्मा, कुलदीप चौधरी और अंकित शर्मा सहित जांच टीम के अधिकारी कार्रवाई में शामिल रहे। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए जिलेभर में अभियान जारी रहेगा। मिलावटखोरी और खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जनता भी बने मिलावटखोरों के खिलाफ मुखबिर

विभाग ने आमजन से अपील की है कि कहीं भी मिलावटी, अवधिपार या संदिग्ध खाद्य सामग्री की बिक्री अथवा भंडारण की जानकारी मिले तो जिला कंट्रोल रूम के नंबर 01482-232643 पर सूचना दें। अब सवाल यह है कि त्योहारों पर लोगों की थाली तक पहुंचने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए विभाग की यह मुहिम कितनी प्रभावी साबित होती है? जांच रिपोर्ट में तेल के नमूनों की हकीकत सामने आने के बाद ही पता चलेगा कि सीज किए गए तेल की गुणवत्ता कैसी थी।

अवैध मदिरा पर कार्रवाई हजारो लीटर वॉश नष्ट


स्मार्ट हलचल



उदयपुर। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अन्य राज्यों से आने वाली मदिरा एवं अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम हेतु जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 7 नवम्बर 2026 तक विशेष निरोधात्मक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आबकारी निरोधक दलों द्वारा नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। आबकारी निरोधक दल सिरोही के तहत आबूरोड़ थाना द्वारा रेलवे पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में फोर सेल इन पंजाब व हरियाणा अंग्रेजी मदिरा की 123 बोतल बरामद की जिनकी अनुमानित कीमत 1.35 लाख रूपए है। आबकारी एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया गया। एक अन्य कार्रवाई में आबूरोड़ में 200 लीटर वॉश एवं मदिरा भट्टी नष्ट की गई। बूंदी जिले के हिंडोली में 200 लीटर वॉश सहित अवैध हथकड़ मदिरा जब्त की गई। नसीराबाद में देशी मदिरा के 54 पव्वे जब्त किए। केकड़ी की सांवर सांसी बस्ती में दबिश देकर 200 लीटर वॉश नष्ट कर 4 लीटर हथकड़ मदिरा जब्त की। जोधपुर के शहर थाना, लूणी, पीपाड़, ओसियां, फलौदी एवं सरदारपुरा मुख्यालय थाना क्षेत्र में देषी मदिरा के 299 पव्वे, 21 बोतल बीयर, 7 पव्वे आईएमएफएल सहित 2 लीटर हथकड़ मदिरा जब्त कर अभियोग दर्ज किए। श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर में 1500 लीटर वॉश सहित 4 भट्टियां नष्ट की। अनूपगढ में 500 लीटर वॉष नष्ट किया। सूरतगढ़ में देशी मदिरा के 96 पव्वे जब्त कर अभियोग दर्ज किए। कोटा में देशी मदिरा के 69 पव्वे सहित 71 लीटर हथकड़ मदिरा जब्त की गई। भीलवाड़ा में 3200 लीटर वॉश एवं 4 भट्टियां नष्ट कर 30 लीटर हथकड़ मदिरा भी जब्त की गई। भरतपुर के डीग में बीयर के 91 केन, 15 बीयर बोतल एवं देशी मदिरा के 74 पव्वे जब्त किए। इसी प्रकार प्रदेश के समस्त जिलों में भी गश्त, नाकाबंदी व दबिश दी जा रही है। समस्त अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं आबकारी निरोधक दल द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जा रही है।

पति को प्रेमिका की बाहों में देख कानपुर में फंदे पर लटक गई नव विवाहिता , जांच में जुटी पुलिस

स्मार्ट हलचल



कानपुर। शादी हो जाने के बाद भी गांव की युवती से पति का प्रेम प्रपंच नव विवाहिता को रास नहीं आया और जब समझने के बाद भी वह नहीं माना तो विवाहिता ने इसी बात से खफा होकर मौत को गले लगा लिया। उसने फांसी लगाकर जान दे दी। वही नव विवाहिता के मायके वालों ने इस मामले में उसकी हत्या किए जाने का भी आरोप लगाया है, जिस पर पुलिस ने लाश को परीक्षण के लिए भेज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। यह घटना सजेती क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में हुई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुराली जनों पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा भी किया जिन्हें पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक बांदा के जसपुरा गांव निवासी किसान रामगोपाल ने बेटी रोशनी की शादी अप्रैल 2025 में सजेती थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी रघुराज के बेटे चतुर सिंह से की थी। रोशनी के भाई रोहित का आरोप है कि उसके बहन हुई कि गांव की एक लड़की सेप्रेम बना अवैध संबंध थे ,जिसकी जानकारी उन्हें बहन की शादी के तीन माह बाद हुई। पारिवारिक सूत्रों का दावा है कि नव विवाहिता ने कुछ दिन पहले उस लड़की को अपने पति की बाहों में भी देखा था। इसके बाद उसने पति को बहुत समझाया लेकिन इसके बाद भी वह नहीं माना। और जब इस नव विवाहिता ने लगातार इसका विरोध जारी रखा तो चतुर सिंह उसके साथ मारपीट करने लगा। रोहित के मुताबिक बहन ने कई बार मायके वालों को मारपीट की जानकारी दी थी, लेकिन मजबूरी के चलते परिवार के लोग समझाकर मामला शांत करा देते थे। आरोप है कि दो दिन पहले भी प्रेम संबंधों को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान चतुर सिंह ने रोशनी के साथ मारपीट की थी। फिलहाल पुलिस शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज जांच में जुटी है। जिससे निकले निष्कर्ष के आधार पर हीआरोपियों के खिलाफ अगली कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

हिंदुस्तान जिंक ने गैल्वनाइजिंग उद्योग के लिए दो नए जिंक एलॉय किए लॉन्च

'वेदएज' और 'वेदआयुष' से कोटिंग की गुणवत्ता, उत्पादन दक्षता और जंग-रोधी क्षमता बेहतर बनाने में मिलेगी मदद

स्मार्ट हलचल



उदयपुर। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने गैल्वनाइजिंग उद्योग के लिए नई पीढ़ी के दो जिंक एलॉय 'वेदएज' (ङ्कद्वस्रँ) और 'वेदआयुष' (ङ्कद्वस्र4ह्लह्याद्ध) लॉन्च किए हैं। कंपनी के अनुसार, भारत के बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर और विनिर्माण क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किए गए ये एलॉय उत्पादन प्रक्रिया को अधिक कुशल बनाने, कोटिंग की गुणवत्ता में समानता लाने और गैल्वनाइज्ड स्टील की टिकाऊपन बढ़ाने में सहायक होंगे। कंपनी के सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग और उपभोक्ता उत्पाद क्षेत्रों में वैल्यू-एडेड जिंक उत्पादों की संभावनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि 'वेदएज' और 'वेदआयुष' के जरिए ग्राहकों की अलग-अलग उत्पादन और प्रदर्शन संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। 'वेदएज' एक विशेष जिंक-एल्यूमिनियम मास्टर एलॉय है। कंपनी के मुताबिक, यह गैल्वनाइजिंग बाथ में एल्यूमिनियम की मात्रा को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे कोटिंग की मोटाई और सतह की गुणवत्ता बेहतर हो सकती है। यह जिंक की हानि और अवांछित अवशेष (ड्रॉस) बनने को कम करने में भी सहायक है। वहीं, 'वेदआयुष' जिंक-एल्यूमिनियम-मैग्नीशियम एलॉय है, जिसे कठिन औद्योगिक परिस्थितियों में बेहतर जंग-रोधी क्षमता और मजबूती के लिए विकसित किया गया है। कंपनी के अनुसार, यह उच्च आर्द्रता, तटीय क्षेत्रों और चुनौतीपूर्ण औद्योगिक वातावरण में उपयोगी हो सकता है। इसका उपयोग इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल कंपोनेंट्स, घरेलू उपकरणों, बिजली ट्रांसमिशन और अन्य औद्योगिक प्रणालियों में किया जा सकता है। हिंदुस्तान जिंक अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी हिंदुस्तान जिंक एलॉयज प्राइवेट लिमिटेड (एचजेडएपीएल) के माध्यम से राजस्थान के राजपुरा-दरीबा में 30,000 टन वार्षिक क्षमता वाला जिंक एलॉय मेल्टिंग और कास्टिंग संयंत्र संचालित करती है। कंपनी के विशेष एलॉय पोर्टफोलियो में एचजेडए-3 और एचजेडए-5 जैसे जिंक डाई-कास्टिंग ग्रेड भी शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, एचजेडए-5 को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का प्रमाणन प्राप्त है। कंपनी ने कहा कि नए एलॉय उसके विशेष जिंक उत्पादों के पोर्टफोलियो को मजबूत करेंगे और देश के इंफ्रास्ट्रक्चर तथा विनिर्माण क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने में योगदान देंगे।

आसींद - शम्भूगढ़ मार्ग खस्ताहाल, ठेकेदार के सुस्त रवैये से राहगीर परेशान



स्मार्ट हलचल

शम्भूगढ़। आसींद उपखंड क्षेत्र के शम्भूगढ़ कस्बे को आसींद से जोड़ने वाले सडक मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस मार्ग पर दौला का खेड़ा, हताण, रायरा, केरिया खेड़ा आदि गांवों के सैकड़ो ग्रामीण रोज इसी मार्ग पर यात्रा करते हैं।

कमीनो का कहना है कि ठेकेदार के लापरवाही और स्वस्थ रहो के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी उतनी पड़ रही है कई बार राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

सड़क पर केवल कंक्रीट डालकर आधा अधूरा छोड़ छोड़ा।

ठेकेदार द्वारा सड़क पर किटी कंक्रीट डालकर आधा अधूरा निर्माण बीच में छोड़ दिया है जिससे उड़ने वाली धूल व मिट्टी से बाइक सवार को आगे कुछ भी दिखाई नहीं देता है इस कारण लगातार हादसे हो रहे है। ग्रामीण की सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रशासन से मांग है कि इस सड़क के निर्माण कार्य को गति प्रदान कर सड़क निर्माण पूर्ण कर ग्रामीणों को शीघ्र राहत प्रदान करें।

बूथों पर पहुंचे चुनाव के बड़े अफसर, परखी मतदान और सुरक्षा की व्यवस्थाएं

संभागीय आयुक्त, आईजी और जिला निर्वाचन अधिकारी ने जैतारण व रास क्षेत्र के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

स्मार्ट हलचल



ब्यावर । पंचायत आम चुनाव-2026 के तृतीय चरण के मतदान के दौरान मंगलवार को संभागीय आयुक्त अजमेर शक्ति सिंह राठौड़, आईजी अजमेर रेंज डॉ. रवि सबरवाल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कमल राम मीना ने जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के साथ जैतारण एवं रास क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा इंतजामों एवं निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान की स्थिति का अवलोकन कर मौके पर मौजूद अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से संपन्न कराना रहा। अधिकारियों ने शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की इंडिया हेल्थ लाइन की जिला कार्यकारिणी घोषित

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा 3 नवंबर / अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की इंडिया हेल्थ लाइन की जिला कार्यकारिणी के गठन एवं घोषणा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के हिंदू हेल्थ लाइन प्रदेश महामंत्री व जिला अध्यक्ष गोपाल साहू, जिला महामंत्री रामदेव बैरवा एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रितेश गुर्जर के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, समाजसेवा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान इंडिया हेल्थ लाइन की नवीन जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें त्रिलोक वर्मा को इंडिया हेल्थ लाइन इकाई का भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष बनाया गया तथा कार्यकारिणी में हेमंत सिंह जिला महामंत्री,अनिल पारीक - जिला मंत्री, सुरेश कुमार योगी जिला उपाध्यक्ष, देवेश त्यागी जिला उपाध्यक्ष तथा पूरणमल को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया । राम लक्ष्मण तेली को राष्ट्रीय व्यापार परिषद् का जिला महामंत्री बनाया । इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा संगठन के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। सभी वरिष्ठ पदाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया है कि नई कार्यकारिणी के गठन से इंडिया हेल्थ लाइन के कार्यों को नई गति मिलेगी और समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद् जिला उपाध्यक्ष धनराज बैरवा, राष्ट्रीय व्यापार परिषद् जिला अध्यक्ष विमल सिंह चौहान इंडिया हेल्थ लाइन महेंद्र सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

पानी लेने गई बच्ची को पास बुलाकर छेड़छाड़ करने का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच

स्मार्ट हलचल



रायला। रायला थाना क्षेत्र में 8 वर्षीय मासूम बालिका के साथ छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। बच्ची के परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने जयराज सिंह के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 2 नवंबर की शाम बच्ची पानी लेने गई थी। इसी दौरान आरोपी द्वारा बच्ची को पास बुलाकर उसके साथ छेड़छाड़ किए जाने का आरोप है। घर पहुंचने पर बच्ची ने परिजनों को आपबीती बताई, जिसके बाद परिजन उसे लेकर रायला थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच पुलिस उप अधीक्षक सतीश मीणा को सौंपी गई है। अब पुलिस जांच में सामने आएंगे घटना से जुड़े अन्य तथ्य।

धामनिया पीएम श्री विद्यालय में वायरल पुलिस खाकीवाला ने विद्यार्थियों को किया साइबर अपराधों के प्रति जागरूक

सोशल मीडिया, व्हाट्सएप हैकिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और से बचने के बताए तरीके, डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने

स्मार्ट हलचल





काछोला -क्षेत्र के धामनिया पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता अभियान आयोजित कर विद्यार्थियों को जानकारी दी वर्तमान समय में तेजी से बढ़ते डिजिटल युग के साथ साइबर अपराधों की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धामनिया में पुलिस की ओर से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी राकेश मीणा ने थाना काछोला (भीलवाड़ा)ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कांस्टेबल राकेश मीणा ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, व्हाट्सएप हैकिंग, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और इंटरनेट के माध्यम से होने वाले विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी अलग-अलग तरीके अपनाकर लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। कई बार अनजान नंबरों से कॉल या मैसेज भेजकर, इनाम और अन्य प्रलोभन देकर लोगों की निजी जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को विशेष रूप से समझाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी, पासवर्ड या अन्य निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। व्हाट्सएप एवं सोशल मीडिया अकाउंट पर आने वाले संदिग्ध लिंक को बिना जांचे नहीं खोलना चाहिए। किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में कोई ऐप डाउनलोड नहीं करना चाहिए। अपने सोशल मीडिया हैंडल के सभी अकाउंट की सुरक्षा के लिए मजबूत पासवर्ड और टू-स्टेप वेरिफिकेशन जैसी सुविधाओं का उपयोग करना चाहिए।

विद्यार्थियों को दी सतर्क रहने की सीख-

पुलिस अधिकारी मीणा ने कहा कि साइबर अपराधों से बचने का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता और सावधानी है। सोशल मीडिया पर किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से पहले उसकी पहचान की पुष्टि करना जरूरी है। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर घबराने के बजाय तत्काल अपने अभिभावकों और पुलिस को सूचना दें। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बनें तथा अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दें, ताकि कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन ठगी का शिकार न बने। विद्यालय में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीक का सुरक्षित उपयोग करने, सोशल मीडिया पर सतर्क रहने और साइबर अपराधों की पहचान करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।इस अवसर पर जगदीश मंत्री,प्रकाश चतुर्वेदी,देवी लाल गुर्जर,नंद लाल प्रजापत,मोहम्मद शाबीर रंगरेज,राजकुमार चौधरी,बरखा मीणा,कविता पहाड़िया,राजकुमार प्रजापत,बंशी लाल धाकड़ सहित आदि उपस्थित थे।

मतदान केंद्र पर बिगड़ा माहौल, दो शिक्षकों पर प्रशासन का शिकंजा

चुनाव अधिकारियों से अभद्र व्यवहार का आरोप, जिला निर्वाचन अधिकारी ने थमाए कारण बताओ नोटिस

स्मार्ट हलचल

ब्यावर। पंचायतीराज आम चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर अनुशासनहीनता के मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। जैतारण पंचायत समिति के दो मतदान केंद्रों पर तैनात शिक्षकों द्वारा चुनाव अधिकारियों के साथ कथित अभद्र व्यवहार और अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर कमल राम मीना ने दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कावलिया के बूथ संख्या 33 पर नियुक्त शिक्षक शुभान मोहम्मद तथा बूथ संख्या 34 पर तैनात अध्यापक राजूराम पर मतदान के दौरान अमर्यादित व्यवहार करने के आरोप हैं। दोनों का आचरण निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाला मानते हुए प्रशासन ने स्पष्टीकरण मांगा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने दोनों शिक्षकों को 4 नवंबर सुबह 11 बजे तक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 सहित संबंधित निर्वाचन कानूनों के तहत विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव ड्यूटी में लापरवाही पर नहीं मिलेगी छूट

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य में लगे प्रत्येक कार्मिक को निर्धारित नियमों, अनुशासन और मर्यादा का पालन करना अनिवार्य है। चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अभद्रता अथवा बाधा उत्पन्न करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

काछोला में धूमधाम से मनाया रेगर दिवस

नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों और खेल प्रतिभाओं का हुआ भव्य नागरिक अभिनंदन

अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में हुआ आयोजन; शिक्षा और सामाजिक एकता से ही संभव है सर्वांगीण विकास : एडवोकेट कन्हैया लाल रेगर

स्मार्ट हलचल



काछोला। अखिल भारतीय रैगर महासभा, काछोला के तत्वावधान में समाज के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 'रेगर दिवस' एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह गरिमामयी माहौल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एडवोकेट कन्हैया लाल रेगर रहे, जबकि अध्यक्षता राजेंद्र कुमार रेगर ने की। कार्यक्रम में क्षेत्र के नवनिर्वाचित त्रिस्तरीय पंचायती राज जनप्रतिनिधियों, पार्षदों और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले खो-खो खिलाड़ियों का साफा बंधवाकर व माल्यार्पण कर नागरिक अभिनंदन किया गया।

सामाजिक महापुरुषों के चरणों में नमन कर किया शुभारंभ

समारोह का विधिवत शुभारंभ सामाजिक समरसता के प्रतीक लोकदेवता बाबा रामदेव जी महाराज, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा रैगर महासभा के संस्थापक स्वामी आत्माराम 'लक्ष्य' के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। अतिथियों ने महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलने और उनके सामाजिक दर्शन को आत्मसात करने का आह्वान किया।

शिक्षा और सामाजिक एकता से ही संभव है सर्वांगीण विकास : कन्हैया लाल रेगर

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एडवोकेट कन्हैया लाल रेगर ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति शिक्षा की बुनियाद पर ही टिकी होती है। जब युवा शिक्षित और जागरूक होंगे, तभी समाज का सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता ही राजनीतिक मजबूती का आधार बनती है, इसलिए समाज में आपसी समन्वय बनाए रखते हुए कुरीतियों और फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

2 नवंबर 1944 से जुड़ा है रेगर दिवस का गौरवशाली इतिहास

कार्यक्रम के सह-संयोजक चांदमल जाड़ोटिया ने रेगर दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 2 नवंबर 1944 को राजस्थान के दौसा में रैगर समाज का प्रथम राष्ट्रीय महासम्मेलन आयोजित किया गया था। उसी ऐतिहासिक दिन की स्मृति में प्रतिवर्ष देशभर में रैगर समाज इसे 'रेगर दिवस' के रूप में मनाता है। उन्होंने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक संरक्षण, नशामुक्ति और सामाजिक-आर्थिक व राजनीतिक चेतना का प्रसार करना है।

जनप्रतिनिधियों व खिलाड़ियों का बहुमान, बड़ी संख्या में जुटे समाजजन

कार्यक्रम संयोजक प्रेमचंद रेगर और उनकी आयोजन टीम द्वारा विभिन्न पंचायतों से आए नवनिर्वाचित सरपंचों, उपसरपंचों, वार्ड पंचों और नगर पालिका पार्षदों का अभिनंदन किया गया। साथ ही खेल जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खो-खो खिलाड़ी फूलचंद रेगर, किशन लाल रेगर और सांवरा लाल रेगर को विशेष रूप से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि अरविंद माली, चैनपुरिया सरपंच रतन लाल रेगर, राजगढ़ सरपंच बद्री लाल गुर्जर, थलकला सरपंच हरीश चौधरी, जगपुरा सरपंच नारायण लाल बैरवा, खाचरोल सरपंच जगदीश चंद्र बैरवा, मानपुरा झीकरी सरपंच गिरधारी लाल रेगर, सरथला सरपंच सरदार सिंह मीणा एवं खजूरी सरपंच शौरभ पारीक मंचासीन रहे। इनके साथ ही बीगोद पार्षद अशोक कुमार रेगर, बिजौलिया पार्षद राधेश्याम रेगर, शाहपुरा पार्षद युवराज रेगर, चेतन रेगर, नरेंद्र कुमार रेगर, पूरणमल कांसोटिया (सुवाणा), ब्लॉक अध्यक्ष रमेश चंद्र बसेटिया, उपसरपंच सांवरा लाल रेगर (थलकला), कैलाश चंद्र रेगर (जस्सू जी का खेड़ा), कालू लाल रेगर (जोजवा), विमला रेगर (गहुली), नीतू रेगर (कोटड़ी) तथा काछोला वार्ड पंच विमला देवी रेगर, देवी लाल रैगर, सांवरिया लाल रेगर, जगदीश रेगर व बंशी लाल रेगर सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित रहे। समारोह में सांवरा लाल रेगर (जगपुरा), शिवराज, शंभू लाल, मनोज, छोटू लाल, मुकेश, नंद लाल, लक्ष्मण एवं दुर्गा लाल रेगर सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति व युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन राजमल जाड़ोटिया ने किया।

श्रेयांश पोरवाल बने कोटड़ी तहसील माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष, अमित पोरवाल को मिली मंत्री पद की जिम्मेदारी

स्मार्ट हलचल



आकोला । कोटड़ी तहसील माहेश्वरी युवा संगठन के चुनाव आज श्री चंवरा का हनुमान जी मंदिर, बड़लियास में समाज के वरिष्ठजनों एवं युवा साथियों की उपस्थिति में निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी राजेंद्र पोरवाल तथा सहायक चुनाव अधिकारी जगदीश कास्ट एवं रामकृष्ण पोरवाल ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई। चुनाव में बड़लियास निवासी श्रेयांश पोरवाल को तहसील अध्यक्ष एवं गेंदलिया निवासी अमित पोरवाल को मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर गेता पारोली के अंशुल बांगड़ एवं पारोली के विकास काबरा को जिम्मेदारी सौंपी गई। कोषाध्यक्ष पद पर लिटिल काबरा को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही जिला प्रतिनिधि के रूप में अंशुल काबरा, नवरतन पोरवाल एवं राजेश काबरा को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज बड़लियास के अध्यक्ष महावीर काबरा सहित रामेश्वर पोरवाल, सत्यनारायण काबरा, शिवनारायण काबरा, जगदीश पोरवाल, राधेश्याम पोरवाल, कैलाश पोरवाल, गोपाल पोरवाल, रामगोपाल पोरवाल, मुकेश पोरवाल, अनिल पोरवाल, रोहन पोरवाल सुरेश चंद्र लड्ढा एवं पवन बसेर सहित समाज के अनेक गणमान्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे। चुनाव के दौरान वरिष्ठजनों ने युवाओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभाने एवं समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का उपस्थित समाजजनों एवं युवाओं ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

श्री चंवरा का हनुमान जी मंदिर के दान पात्र से निकले 1 लाख 70 हजार 66 रुपये

महाआरती के पश्चात खोला गया अक्टूबर माह का दान पात्र, मंदिर विकास समिति के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं की रही उपस्थिति

स्मार्ट हलचल



आकोला । श्री चंवरा का हनुमान जी मंदिर में मंगलवार को दोपहर 1 बजे महाआरती के पश्चात अक्टूबर माह का दान पात्र खोला गया। इस अवसर पर मंदिर विकास समिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं की मौजूदगी में दान पात्र में प्राप्त राशि की गणना की गई, जिसमें कुल 1 लाख 70 हजार 66 रुपये की राशि प्राप्त हुई। दान पात्र खोलने एवं राशि की गणना के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। मंदिर में आने वाले भक्त नियमित रूप से अपनी श्रद्धानुसार दान पात्र में राशि अर्पित करते हैं। यह राशि श्रद्धालुओं की हनुमान जी के प्रति अटूट आस्था, विश्वास एवं समर्पण को दर्शाती है। इस दौरान श्री चंवरा का हनुमान जी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष बालूराम अहीर, उपाध्यक्ष गोपाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष सुरेश बसेर, सचिव मदन सुथार, कालू सिंह चौहान, जगदीश चंद्र पोरवाल, दिनेश पोरवाल, सत्यनारायण लड्ढा, लक्ष्मण सिंह, नवल पोरवाल, ताराशंकर जायसवाल एवं वंशुल टेलर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे। सभी की मौजूदगी में दान राशि की गणना का कार्य संपन्न हुआ। मंदिर में श्रद्धालुओं की नियमित आवाजाही एवं धार्मिक आयोजनों में उनकी भागीदारी क्षेत्र में मंदिर के प्रति गहरी आस्था को दर्शाती है। दान पात्र में प्राप्त राशि श्रद्धालुओं द्वारा स्वेच्छा से हनुमान जी के चरणों में अर्पित की गई भेंट है।

नवगठित ग्राम पंचायत झांतल की पहली सरपंच बनीं रूपी देवी बैरवा, विधि-विधान से किया पदभार ग्रहण

700 मतों से दर्ज की थी ऐतिहासिक जीत, बोलीं- गांव के विकास में नहीं आने दूंगी कोई कमी, बाल विवाह जैसी कुरीतियों को खत्म करना भी रहेगी प्राथमिकता

स्मार्ट हलचल



रायला। विश्वनाथ महादेव की नगरी नवगठित ग्राम पंचायत झांतल (बनेहा) में नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती रूपी देवी बैरवा ने रविवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन परिसर में समारोह आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। पदभार ग्रहण समारोह में ग्राम पंचायत के उपसरपंच एवं समस्त वार्ड पंचों का साफा और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। समारोह में ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए गांव के विकास की उम्मीद जताई। इस दौरान सरपंच रूपी देवी बैरवा ने कहा कि गांव का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। वे गांव के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देंगी। 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प के साथ प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर काम किया जाएगा। गांव में बेहतर विकास कार्य करवाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सामाजिक सरोकारों पर जोर देते हुए कहा कि बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए ग्रामीणों को समझाइश कर जागरूक किया जाएगा। साथ ही छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित कर उन्हें अधिक से अधिक पढ़ाई के लिए प्रेरित किया जाएगा। गौरतलब है कि नवगठित ग्राम पंचायत झांतल में पहली बार हुए पंचायत चुनाव में रूपी देवी बैरवा ने करीब 700 मतों से जीत दर्ज कर सरपंच पद हासिल किया था। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय नवयुवक मंडल और ग्रामीणों के सहयोग को दिया।

समारोह में उपसरपंच देबीभील, पूर्व सरपंच श्यामलाल शर्मा, पूर्व उप सरपंच गोपाल सिंह राठौड़ पंचायत सचिव कुनाल शर्मा सहित वार्ड पंच, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में सरपंच रूपी देवी बैरवा ने सभी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

छात्रा से 300 उठक-बैठक लगवाने का आरोप, तबीयत बिगड़ी तो भी नहीं ली सुध! प्रधानाचार्य की कार्यशैली पर उठे सवाल

कक्षा 10 वीं की बालिका को मिली कथित सजा, परिजनों ने जिला शिक्षा अधिकारी से की शिकायत; अन्य छात्राओं को भी प्रताड़ित करने के आरोप

स्मार्ट हलचल

जहाजपुर। शिक्षा के मंदिर में बच्चों को अनुशासन और संस्कारों का पाठ पढ़ाने की जिम्मेदारी जिन शिक्षकों पर है, उन्हीं पर यदि मासूम छात्राओं को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगें तो व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। ऐसा ही एक गंभीर मामला जहाजपुर के महात्मा गांधी राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल से सामने आया है। यहां कक्षा 10वीं में अध्ययनरत एक छात्रा से कथित तौर पर 200 से 300 उठक-बैठक लगवाने का आरोप प्रधानाचार्य पर लगा है। परिजनों की ओर से 31 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी को दी गई शिकायत के अनुसार, 26 अक्टूबर 2026 को कक्षा 10वीं की छात्रा ज्योति कुमारी से प्रधानाचार्य ने 200 से अधिक, करीब 300 उठक-बैठक लगवाईं। आरोप है कि इसके बाद छात्रा की तबीयत बिगड़ गई। शिकायत में बताया गया कि छात्रा को तेज बुखार आया, पूरा शरीर कांपने लगा और उसकी हालत खराब हो गई। इसके बावजूद विद्यालय स्तर पर उसकी सुध नहीं लेने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि प्रधानाचार्य का छात्राओं के प्रति व्यवहार पहले से ही ठीक नहीं है। छात्रा के साथ कथित घटना के अलावा अन्य एक दर्जन से अधिक बालिकाओं से भी उठक-बैठक लगवाने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, डराने-धमकाने और अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में यह भी बताया गया कि कई बालिकाएं दूर-दराज के गांवों से पैदल विद्यालय आती हैं, ऐसे में इस तरह की सजा उनके स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति पर गंभीर असर डाल सकती है।

शिकायत पहुंची अधिकारियों तक, अब जांच का इंतजार

परिजनों ने मामले को गंभीर बताते हुए शिक्षा विभाग से निष्पक्ष जांच करवाने और प्रधानाचार्य के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 तथा किशोर न्याय अधिनियम का भी उल्लेख किया गया है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि विद्यालय में छात्राओं के साथ ऐसा व्यवहार किस आधार पर किया जा रहा है क्या बच्चों को अनुशासन सिखाने के नाम पर शारीरिक दंड देना उचित है क्या शिक्षा विभाग इस शिकायत को गंभीरता से लेकर विद्यालय में अध्ययनरत अन्य छात्राओं से भी वास्तविक स्थिति की जानकारी लेगा अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग जांच कर छात्राओं को न्याय दिलाता है या फिर यह शिकायत भी सरकारी फाइलों में दबकर रह जाती है।

हॉकी के मैदान में दिखेगा भीलवाड़ा का दम!

स्व. गणपतलाल टेलर मेमोरियल अंडर-17 हॉकी प्रतियोगिता 4 नवंबर को, 8 टीमें भिड़ेंगी खिताबी मुकाबले में

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी) शहर में हॉकी की नई प्रतिभाओं को मैदान देने और युवाओं में खेल का जुनून जगाने के लिए विधायक अशोक कुमार कोठारी की पहल पर 'खेलेंगे तो खिलेंगे' विधायक खेल विकास योजना के तहत स्वर्गीय गणपतलाल टेलर की स्मृति में एक दिवसीय अंडर-17 हॉकी प्रतियोगिता आयोजित होगी। मुकाबले 4 नवंबर को एसएमएम गर्ल्स कॉलेज मैदान पर होंगे, जहां 8 टीमें खिताब के लिए दमखम दिखाएंगी। योजना संयोजक शिक्षाविद विवेक निमावत, आयोजक सचिव अजीत जैन और कोच दिनेश सोलंकी ने बताया कि 7-ए-साइड नॉकआउट प्रारूप में होने वाली प्रतियोगिता में शाहपुरा, फुलिया, सवाईपुर, खामोर सहित भीलवाड़ा की टीमें हिस्सा लेंगी। रोटरेक्ट क्लब, भीलवाड़ा सोशल क्रू, मुस्कान फाउंडेशन और वीर सेवा संघ से जुड़ी टीमें भी मैदान में उतरेंगी।

हारते ही बाहर, जीतने वाली टीम बनेगी चैंपियन

एक दिवसीय नॉकआउट मुकाबलों में हर टीम के सामने जीत की चुनौती होगी। विजेता टीम को 2100 रुपए नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह 11 बजे शुरू होकर शाम 7 बजे तक चलेगी। आयोजकों का कहना है कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी में हॉकी के प्रति रुचि बढ़ाना और स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर देना है।

चौधरी मेवाड़ा कलाल समाज के चुनाव अधिकारी बने प्रकाश चौधरी

साधारण सभा में आगामी समाज चुनाव की तैयारियों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

स्मार्ट हलचल



उदयपुर। चौधरी मेवाड़ा कलाल समाज की साधारण सभा रविवार, 1 नवंबर को कानोड़ स्थित समाज भवन में केंद्रीय अध्यक्ष लोकेश चौधरी की अध्यक्षता और संरक्षक श्याम सुंदर चौधरी के सानिध्य में आयोजित हुई। समाज के केंद्रीय प्रवक्ता शैलेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि सभा में आगामी छठे समाज चुनाव-2026 के लिए प्रकाश चौधरी नाहरमगरा को चुनाव अधिकारी तथा शैलेन्द्र कुमार चौधरी खेमली को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। महामंत्री एडवोकेट बंशीलाल चौधरी ने सभा का संचालन किया। कोषाध्यक्ष प्रताप लाल चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही चित्रकूट नगर समाज भवन, पिपली चौक और आवरी माता जी से संबंधित आय-व्यय का ब्यौरा भी रखा गया। आवरी माता भवन को विक्रय करने के मुद्दे पर सहमति नहीं बन पाई। अध्यक्ष लोकेश चौधरी ने आगामी चुनाव में केंद्रीय कार्यकारिणी का चुनाव सहमति और निर्विरोध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव से समाज में कटुता बढ़ती है और भाईचारा प्रभावित होता है। अच्छे एवं योग्य व्यक्ति को अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना जाना समय की आवश्यकता है। सभा में उदयपुर शहर इकाई को दो भागों में विभाजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। गोगुन्दा और गिर्वा इकाइयों के परिसीमन का भी निर्णय लिया गया। समाज में व्याप्त कुरीतियों पर चर्चा के दौरान महामंत्री ने बताया कि प्री-वेडिंग पर पूर्ववत प्रतिबंध रहेगा तथा महिलाओं को दिए जाने वाले बर्तनों/लेन की प्रथा प्रभावी ढंग से बंद की जाएगी। पारिवारिक निर्देशिका प्रभारी शैलेन्द्र चौधरी ने बताया कि निर्देशिका का कार्य प्रगति पर है और समाजबंधुओं से विज्ञापन देने का आग्रह किया। सभा ने निर्देशिका में समाज के संविधान की नियमावली प्रकाशित करने की सहमति दी। उपाध्यक्ष अशोक चौधरी देवारी ने आगामी सामूहिक विवाह की तारीख शीघ्र घोषित करने का सुझाव दिया, ताकि समय रहते जोड़ों का पंजीकरण हो सके। सभा में समाज के उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, कोषाध्यक्ष प्रताप लाल चौधरी, संगठन मंत्री विकास चौधरी, न्यायपालिका चेयरमैन रामलाल चौधरी सहित विभिन्न इकाइयों के अध्यक्ष, पूर्व पदाधिकारी और समाज के दसों इकाइयों के चयनित प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में संरक्षक श्याम सुंदर चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

डॉ किरोडी लाल मीणा के जन्म दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर राजकीय जिला चिकित्सालय महुवा में आयोजित

विधायक राजेंद्र मीणा सहित 126 रक्तदान दाताओं ने किया रक्तदान

स्मार्ट हलचल



महुवा। महुवा उपखंड मुख्यालय स्थित राजकीय जिला चिकित्सालय महुवा में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा के जन्मदिवस पर मंगलवार को प्रातः 9:00 बजे से शाम को 4:00 तक सवाई मानसिंह हॉस्पिटल जयपुर की टीम के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमें विधायक राजेंद्र मीणा महुवा नगर पालिका अध्यक्ष विनीत बंसल, पीएमओ डॉ दिनेश मीणा सहित 126 रक्तदाता द्वारा रक्तदान महादान को सफल करते हुए रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया विधायक राजेंद्र मीणा ने बताया किजन-जन के हृदय सम्राट, हम सभी के प्रेरणास्रोत एवं मार्गदर्शक आदरणीय डॉ. किरोड़ी लाल जी मीना के 75वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर दिनांक 03 नवंबर 2026 मंगलवारको भारत विकास परिषद, महुवा के तत्वावधान में जिला अस्पताल महुवा में जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल की रक्तदान यूनिट डॉक्टर हुकम चंद मीणा व उनकी टीम द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर मैं भागीदारी देकर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया रक्तदान शिविर में 126 रक्तदानदाताओ द्वारा रक्तदान कर अपनी भागीदारी निभाई उसके लिए विधायक राजेंद्र मीणा सहित अतिथियों ने सभी रक्त दानदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया रक्तदान शिविर को लेकर विधायक राजेंद्र मीणा नेविधानसभा क्षेत्र महुवा के समस्त युवा साथियों, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं देवतुल्य कार्यकर्ता बंधुओं सहित सभी रक्त दानदाताओं को बधाई देते हुए इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी निभाएं पर धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक राजेंद्र मीणा ने बताया की आदरणीय कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के जन्मदिवस को सेवा, समर्पण और मानवता के उत्सव के रूप में आप सब के सहयोग से मनाया गयाआपका एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर शिविर को सफल बनाने हेतु सभी रक्तदानदाताओं सहित सहयोग कर्ताओं भारत विकास परिषद व चिकित्सा टीम का बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया । इस अवसर पर महुवा नगर पालिका अध्यक्ष विनीत बंसल, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर जगमोहन गोयल, विमल जैन, महुवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष गोपुत्र अवधेश अवस्थी, खेमचंद किवाड़िया, महेंद्र तेगरवाल, राजन मीणा, तरुण सैनी, दिनेश सैनी, भारत मीणा, प्रेमवती शर्मा, जीपी शर्मा, सरपंच प्रतिनिधिलखन मीणा, खेमी मीणा, किशोर ठेकड़ा, देव प्रकाश मानिक, महुआ जिला चिकित्सालय के डॉक्टर सवाई मानसिंह हॉस्पिटल जयपुर से डॉक्टर हुकम चंद मीणा व उनकी टीम सहित दर्जनो जनप्रतिनिधि, सैकड़ो गणमान्य नागरिक आम नागरिक सहित रक्तदानदाता मौजूद रहे।

पुष्कर के वरिष्ठ पेंशनर सम्मान समारोह हुआ सम्पन्न

केन्द्र व राजस्थान सरकार पेंशनरों के हितों पर कुठाराघात कर रही - सिंह

स्मार्ट हलचल

अजमेर/ राजस्थान पेंशनर्स समाज उपशाखा पुष्कर का 70 वर्षीय वरिष्ठ पेंशनर सम्मान समारोह मंगलवार को रामस्नेही वाटिका में आयोजित हुआ । समारोह के मुख्य अतिथि के सी टेलर, अध्यक्षता जिला शाखा अध्यक्ष कश्मीर सिंह ने की । विशिष्ठ अतिथि सुरेशचंद शर्मा कोषाध्यक्ष, प्रकाशचंद्र वर्मा सहायक संपादक आईना थे ।साथ ही उपशाखा श्रीनगर अध्यक्ष शिव शंकर सिंह,भिनाय अध्यक्ष सुरेश जोशी, अराई अध्यक्ष ओम प्रकाश सारण,सरवाड़ रूपचंद पंड्या,कादेडा जगदीशचंद्र कारपेंटर की उपस्थिति भी रही ।सभी अतिथियों का माला, शाल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया ।सभी ने अपने विचार व्यक्त किए । अध्यक्ष कश्मीर सिंह ने कहा कि केन्द्र व राजस्थान सरकार पेंशनरों के हितों पर कुठाराघात कर रही हैं । आज सभी पेंशन भाईयों को एकजुट होने की आवश्यकता है । समारोह में 70 वर्षीय 15 पेंशनर रामनिवास वशिष्ठ -शिक्षा, शक्ति सिंह रावत -शिक्षा, जोधा नाथ - शिक्षा. राधेश्याम नागौरी -चिकित्सा, रामनिवास जी चौधरी -शिक्षा, पीरूलाल साधु-शिक्षा, ओम नारायण त्रिवेदी-शिक्षा, जगदीश प्रसाद जी आदाली चिकित्सा

पिरु लाल व्यास-शिक्षा

राधे श्याम पाराशर चिकित्सा,. ज्ञान चंद सेन-शिक्षा , मोहन लाल शर्मा-चिकित्सा . लक्ष्मीनिवास वशिष्ठ-शिक्षा , विष्णुकांत पाराशर-शिक्षा . श्रीमति कौशल्या देवी पाराशर -शिक्षा को एवं 10 विशिष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारीयो श्गणेशी लाल कुमावत, गजेंद्र भाटी, रमेश चन्द्र शर्मा, शंकर लाल कुमावत, पवन पाठक , रामरतन कुमावत, भागचंद दायमा, अरुण पाराशर,श्रीमती प्रेमलता जोशी, किशोरी देवी पाराशर, प्रेम लता शर्मा,श्रीमती सीता,सरवाड़, श्रीमती चन्द्र प्रभा,सरवाड़ कोअभिनंदन पत्र, स्मृति चिन्ह, शाल, माला भेंट कर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर जिले की उपशाखाओं के अध्यक्ष ने श्रीकान्त पाराशर को अभिनंदन पत्र भेंट किया ।कार्यक्रम में श्रीमती किशोरी देवी पाराशर ने सुंदर भजन प्रस्तुत किया । उपशाखा पुष्कर अध्यक्ष श्रीकांत पाराशर ने साथ का वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया ।इस अवसर पर 115 पेंशनर बंधुओं को जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत हुए । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रेमलता शर्मा ,गनाहेड़ा ने किया ।

शॉर्ट सर्किट से मंडावर के पास कैंपर गाड़ी में लगी भीषण आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

स्मार्ट हलचल



महुवा विधानसभा क्षेत्र के मंडावर थाना क्षेत्र के सरावली ग्राम के समीप स्थित रुक्मिणी देवी इंटरनेशनल स्कूल के पास एक चलती कैंपर गाड़ी में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते गाड़ी आग का गोला बन गई। गनीमत यह रही कि आग की लपटें उठते ही चालक ने सूझबूझ दिखाई और चलती गाड़ी से नीचे कूदकर अपनी जान बचाई। सड़क के बीचों-बीच गाड़ी में आग लगने से मौके पर मौजूद अन्य वाहन चालकों और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना तुरंत महुवा दमकल विभाग को दी गई, जिसके बाद महुवा से पहुंची अग्निशमन गाड़ी ने कड़े प्रयास के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। हादसे में गाड़ी को भारी नुकसान पहुंचा है, लेकिन समय रहते चालक के कूदने से एक बड़ा हादसा टल गया।

कांग्रेस के सरपंचों को परेशान किया तो खैर नहीं! धीरज गुर्जर ने भाजपा और प्रशासन को दी दो टूक चेतावनी

स्मार्ट हलचल

जहाजपुर कांग्रेस के पूर्व विधायक धीरज गुर्जर ने पंडेर में आयोजित आभार एवं सम्मान समारोह के मंच से प्रशासनिक व्यवस्था पर जमकर निशाना साधा। अपने तीखे अंदाज में उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि तीन साल तक जनता को जितना परेशान करना था, कर लिया, लेकिन अब कांग्रेस के समर्थित जीतकर आए सरपंचों को किसी कर्मचारी, अधिकारी या नेता ने परेशान किया अथवा विकास कार्यों में अड़ंगा लगाया तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। सरपंचों को काम करने से रोकने वालों के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई जाएगी।



भाजपा के शासन में जिन्हें परेशान किया, जनता ने उन्हें ही जिताया

धीरज गुर्जर ने चुनाव परिणामों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा के शासन में जिन सरपंचों को परेशान किया गया, जनता ने उन्हें दोबारा जीताकर जवाब दिया है। वहीं, जिन्होंने कांग्रेस के साथ गद्दारी की, जनता ने उन्हें चुनाव में हरा दिया। उन्होंने कहा कि जनता सब कुछ देख रही है और अपने अपमान तथा परेशानी का जवाब वोट की ताकत से देना जानती है। जनता के जनादेश का सम्मान होना चाहिए, न कि चुने हुए प्रतिनिधियों को राजनीतिक द्वेष के चलते परेशान किया जाना चाहिए।

वोटों के गणित से बदली पंचायतें, दो साल बाद जनता की मर्जी से होगा पुनर्गठन

पंचायतों के परिसीमन को लेकर भी धीरज गुर्जर ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वोटों के चक्कर में कई पंचायतों को इधर-उधर कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई पंचायतों का गठन जनता की इच्छा और सुविधा के अनुरूप नहीं किया गया। उन्होंने ऐलान किया कि दो साल बाद कांग्रेस की सरकार बनते ही ऐसी पंचायतों का पुनर्गठन जनता की मर्जी और इच्छा के अनुसार करवाया जाएगा। जिन पंचायतों का गठन ग्रामीणों की इच्छा के खिलाफ हुआ है, उन्हें जनता की मांग के अनुरूप वापस व्यवस्थित किया जाएगा। उन्होंने साफ संदेश दिया कि पंचायतों का गठन राजनीतिक फायदे के लिए नहीं, बल्कि जनता की सुविधा और इच्छा के अनुसार होना चाहिए।

मंच से अधिकारियों और नेताओं को भी दिया संदेश

धीरज गुर्जर ने कहा कि चुनाव में जनता अपना फैसला सुना चुकी है। अब निर्वाचित सरपंचों को बिना किसी दबाव और भेदभाव के विकास कार्य करने का अवसर मिलना चाहिए। यदि कोई अधिकारी, कर्मचारी या नेता राजनीतिक रंजिश के चलते सरपंचों के काम में बाधा बनेगा तो उसका विरोध किया जाएगा। दरअसल, ग्राम पंचायत पंडेर की सरपंच ममता मुकेश जाट लगातार दूसरी बार सरपंच निर्वाचित होने पर मंगलवार को दौलपुरा बालाजी धाम में आभार एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर बाबू गिरी महाराज का सानिध्य रहा। मुख्य अतिथि धीरज गुर्जर का ग्रामीणों ने साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और आसपास की ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भाग लिया। हालांकि कार्यक्रम में धीरज गुर्जर के तीखे राजनीतिक बयानों और परिसीमन को लेकर किए गए ऐलान ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं।

दीपावली मेले एवं त्योहारों को लेकर पुलिस थाना काछोला में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित



थानाधिकारी बालकिशन शर्मा ने शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की

स्मार्ट हलचल

काछोला -आगामी दीपावली मेले एवं त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस थाना काछोला परिसर में थानाधिकारी बालकिशन शर्मा की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में दीपावली मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण तथा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। थानाधिकारी बालकिशन शर्मा ने सीएलजी सदस्यों से त्योहारों को आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में सरपंच गीता देवी माली,उपसरपंच वासुदेव पालीवाल,संदीप सोनी,संपत सिंह सोलंकी,भेरू लाल मंत्री, महावीर प्रसाद माली,डॉ एन के सोनी, थलकलां सरपंच मैनाहरीश चौधरी, हंसेड़ा सरपंच मोहन सुथार,दुर्गा शंकर आचार्य,उमराव सिंह सोलंकी,मोहम्मद शाबीर रंगरेज,अरविंद डागा,राजेंद्र रेगर,दिनेश सोनी,राजू मालू,धीरज सेन,असलम रंगरेज,पुलिस कॉन्सटेबल नेतराम गुर्जर ,राकेश मीणा सहित आदि सीएलजी सदस्यों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

3474 वोटों की ऐतिहासिक जीत के बाद ज्योति सुवालका ने संभाली सरपंच की कुर्सी

शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना कर ग्रहण किया पदभार, पेयजल, सफाई और महिला सशक्तिकरण पर रहेगा फोकस

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी) जिले की मांडल ग्राम पंचायत की नवनिर्वाचित सरपंच ज्योति सुवालका ने सोमवार को शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना के साथ पदभार ग्रहण किया। पंचायत सचिव विनोद सोनी ने उन्हें कार्यभार सौंपा। इस दौरान उपसरपंच, वार्ड पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पदभार संभालते ही सरपंच ने विकास का एजेंडा भी सामने रख दिया। उन्होंने पेयजल समस्या का स्थायी समाधान, नालियों की व्यवस्था, नियमित सफाई और महिलाओं की समस्याओं को प्राथमिकता देने की बात कही। बच्चों के लिए लाइब्रेरी और गार्डन विकसित करने का भी वादा किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी गांव या वार्ड के साथ भेदभाव नहीं होगा।

3474 वोटों से रचा था इतिहास

गौरतलब है कि पंचायत चुनाव 2026 में ज्योति सुवालका ने जिले की 511 ग्राम पंचायतों में सर्वाधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंद्वी ज्योति लड्ढा को 3,474 मतों से हराकर मांडल में नया रिकॉर्ड बनाया था। अब जनता की इस ऐतिहासिक जीत के बाद उनकी सबसे बड़ी परीक्षा विकास के वादों को धरातल पर उतारने की होगी।

दीपावली से पहले खाद्य महकमा का आधी रात को छापा, 250 किलो मावा नष्ट

रायपुर के बाड़ी में भोज फूड प्रोडक्ट इकाई पर कार्रवाई, मौके पर ही मावे को करवाया नष्ट त्योहार पर मिलावटखोरी रोकने के दावों के बीच विभाग की निगरानी पर भी उठे सवाल

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा / दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही मिलावटखोरों की सक्रियता की आशंका के बीच खाद्य सुरक्षा विभाग ने देर रात बड़ी कार्रवाई की। रायपुर तहसील के बाड़ी स्थित मेसर्स भोज फूड प्रोडक्ट इकाई पर खाद्य सुरक्षा टीम ने दबिश देकर करीब 250 किलो मावा मौके पर ही नष्ट करवा दिया। इतनी बड़ी मात्रा में मावे को नष्ट करवाने की कार्रवाई ने त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और शुद्धता को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें लगातार निरीक्षण कर रही हैं। इसी अभियान के तहत मंगलवार देर रात रायपुर के बाड़ी स्थित भोज फूड प्रोडक्ट इकाई का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान लगभग 250 किलोग्राम मावा नष्ट करवाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि दीपावली के दौरान मिठाइयों, मावे और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ जाती है। इसी का फायदा उठाकर असुरक्षित खाद्य सामग्री बाजार में खपाए जाने की आशंका रहती है। इसे देखते हुए विभाग की टीमें लगातार प्रतिष्ठानों और खाद्य निर्माण इकाइयों का निरीक्षण कर रही हैं। कार्रवाई के दौरान ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायपुर डॉ. अभिनव मीणा और खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव मौजूद रहे।

250 किलो मावा नष्ट, लेकिन सवाल कई...

दीपावली पर घर-घर मिठाइयां पहुंचेंगी। बाजार में मावे और उससे बनी मिठाइयों की मांग भी तेजी से बढ़ेगी। ऐसे में सवाल यह है कि खाद्य निर्माण इकाइयों में तैयार होने वाली सामग्री की नियमित जांच कितनी प्रभावी है क्या विभाग की निगरानी केवल त्योहारों के आसपास होने वाली छापेमारी तक सीमित है या सालभर भी ऐसी इकाइयों पर नजर रखी जाती है करीब 250 किलो मावा नष्ट करवाने की कार्रवाई निश्चित रूप से मिलावट और असुरक्षित खाद्य सामग्री के खिलाफ सख्त संदेश है, लेकिन आमजन को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहना भी जरूरी है। त्योहार की मिठास में मिलावट का जहर न घुले, इसके लिए विभाग को बाजार से लेकर निर्माण इकाइयों तक सख्त निगरानी रखनी होगी।

कोटड़ी तहसील माहेश्वरी युवा संगठन के चुनाव निर्विरोध संपन्न, श्रेयांश पोरवाल बने अध्यक्ष

अमित पोरवाल को मंत्री पद की जिम्मेदारी, बड़लियास में वरिष्ठजनों और युवाओं की मौजूदगी में हुआ निर्वाचन

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा / जिले के कोटड़ी तहसील माहेश्वरी युवा संगठन में नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर बड़लियास में चुनाव संपन्न हुए। चुनाव में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। श्रेयांश पोरवाल बड़लियास को अध्यक्ष एवं अमित पोरवाल गेंदलिया को मंत्री चुना गया। चुनाव अधिकारी राजेंद्र पोरवाल तथा सहायक चुनाव अधिकारी जगदीश कास्ट एवं रामकृष्ण पोरवाल ने चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निर्विरोध संपन्न करवाई। नवगठित कार्यकारिणी में अंशुल बांगड़ गेता पारोली एवं विकास काबरा पारोली को उपाध्यक्ष तथा लिटिल काबरा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं जिला प्रतिनिधि के रूप में अंशुल काबरा, नवरतन पोरवाल एवं राजेश काबरा को मनोनीत किया गया। निर्वाचन के दौरान तहसील क्षेत्र के युवा साथियों के साथ समाज के वरिष्ठजन भी उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

लाडपुरा चौराहे पर दिवाली पर वाहनों को संवारने के लिए सजे मार्केट



लाडपुरा चौराहे पर दीपावली को लेकर ऑटोमोबाइल मार्केट गाड़ियों को सजने संवरने के लिए तैयार

स्मार्ट हलचल

लाडपुरा । । दीपावली के चलते कस्बे के चौराहे पर दुकानें सज गई। बाजारों में खासी चहल-पहल दिखाई दी। कोटा-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग-27 एवं भीलवाड़ा-लाडपुरा एनएच-758 पर स्थित लाडपुरा चौराहे पर दीपावली को लेकर ऑटोमोबाइल मार्केट गाड़ियों को सजने संवरने के लिए तैयार है। दूरदराज से वाहन स्वामी एवं वाहन चालक अपनी बड़ी ट्रकों एवं ट्रोलो को सजाने के लिए यहां लाते है। दुकानदारों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर यहां का बाजार स्थित होने से बिक्री अच्छी है और दुकानदारो में उत्साह है। कस्बे व क्षेत्र में दीपावली पर्व को लेकर दुकानें सजने लगी है। खरीदारी को लेकर ऑटो मार्केट में धीरे धीरे लोगों की आवा जावी बढ़ रही है। कस्बे में विभिन्न प्रकार की दुकानें सजाई गई। चौराहे पर गाड़ियों की काफी भीड़ देखी गई।

विकसित भारत युवा संवाद: अपने वोट को जानो' विषय पर युवाओं में दिखा उत्साह

स्मार्ट हलचल



झालावाड़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार मेरा युवा भारत झालावाड़ द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झालावाड़ में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय - अपने वोट को जाने था द्य इस कार्यक्रम में युवा नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को एक साझा मंच पर एकत्रित किया गया, जिसका उद्देश्य लोकतांत्रिक जागरूकता को बढ़ावा देना, युवाओं की जागरूक एवं सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करना था। युवा संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य- युवाओं को लोकतांत्रिक संस्थाओं के और अधिक निकट लाकर ऐसी पीढ़ी का निर्माण करना है, जो न केवल देश की प्रगति के प्रति जागरूक हो, बल्कि उसमें सक्रिय योगदान भी दे। यह पहल राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति को केंद्र में रखते हुए युवाओं को अपने विचारों, आकांक्षाओं एवं जिम्मेदारियों को सार्थक योगदान में बदलने के लिए प्रेरित करती है, ताकि विकसित भारत@2047 के संकल्प को साकार किया जा सके। कार्यक्रम में माय भारत युवाओं एवं युवा स्वयंसेवकों सहित संस्थान के छात्रों ने सहभागिता दी द्य यह कार्यक्रम देशभर के 500 विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में 26 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रव्यापी विकसित भारत युवा संवाद अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धीरज गौतम प्रदेश मंत्री भाजपा युवा मोर्चा, अंशुल पंवार जिला सयोंजक, कशिश चावला यूथ आइकॉन राजस्थान, पीसी गुप्ता उपनिदेशक आइटीआई झालावाड़, नीलकंठ गुप्ता सीएफसीएल प्रतिनिधि, यशवीर सिंह स्पोर्ट्स आइकॉन की उपस्थिति रही। इनकी उपस्थिति से कार्यक्रम में जन नेतृत्व, खेल उत्कृष्टता एवं युवाओं की आकांक्षाओं से जुड़े विभिन्न दृष्टिकोणों को साझा करने का अवसर मिला। आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यूथ आइकन कशिश चावला ने युवाओं के साथ संवाद करते हुए 'मेरा वोट जरूरी क्यों है' विषय पर पी.पी.टी. के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। साथ ही उन्होंने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया) के बारे में युवाओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने बताया कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है, बल्कि मतदाता सूची को समय-समय पर अद्यतन एवं अधिक सटीक बनाने के उद्देश्य से की जाने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने युवाओं को सोशल मीडिया, इंस्टाग्राम एवं अन्य डिजिटल माध्यमों पर प्रसारित भ्रामक जानकारियों से सावधान रहने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी जानकारी पर विश्वास करने अथवा उसे आगे साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच आवश्यक करें। इस अवसर पर खेल जगत से यशवीर सिंह स्पोर्ट्स आइकॉन ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए युवाओं को खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी दिनेश जांगिड़ द्वारा मेरा युवा भारत की जानकारी की प्रस्तुति दी गई जिसके अंतर्गत माय भारत पोर्टल पर संचालित विभिन्न प्रतियोगिताओं, जिला स्तरीय युवा संसद, युवा महोत्सव एवं अन्य युवा गतिविधियों की जानकारी साझा की गई। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से माय भारत पोर्टल देखते रहने का आह्वान किया, ताकि वे युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों, प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों की जानकारी से वंचित न रहें। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण विद्यार्थियों एवं युवा आइकॉन के बीच आयोजित संवाद सत्र रहा। इस दौरान प्रतिभागियों ने शासन व्यवस्था में युवाओं की भागीदारी, नागरिक जिम्मेदारियों तथा पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न पूछे एवं अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम का संचालन रामरतन जूनियर इंस्ट्रक्टर ने किया 7 कार्यक्रम के सफल आयोजन में माय भारत के ए.पी.एस. हरिबल्लभ रेगर और विनोद कुमार एवं माय भारत के स्वयंसेवको ने व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झालावाड़ के स्टाफ सदस्य समस्त प्रशिक्षकों ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का समापन लोकतांत्रिक शपथ और राष्ट्रगान के साथ हुआ

एबीआरएसएम की बैठक में जिला महिला संगोष्ठी की तैयारियों पर हुआ मंथन

स्मार्ट हलचल



शाहपुरा (भीलवाड़ा)। शाहपुरा-अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा), राजस्थान की जिला बैठक वीर माता मानिक कंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा में आयोजित हुई। बैठक अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संभाग संगठन मंत्री महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में संपन्न हुई। जिला मंत्री अमर सिंह चौहान ने बताया कि बैठक में आगामी 15 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाली जिला महिला संगोष्ठी की तैयारियों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, कार्ययोजना तथा महिला पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। साथ ही जिले की अधिकाधिक महिला शिक्षिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला महिला संगठन मंत्री चंदा सुवालका ने बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, महिला शिक्षिकाओं को संगठन से जोड़ने, उनकी शैक्षिक एवं सामाजिक भूमिका को प्रभावी बनाने तथा संगठनात्मक विस्तार के विभिन्न पहलुओं पर भी विचार साझा किए गए। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा जगत में महिला शिक्षिकाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और सक्रिय सहभागिता से संगठन को नई दिशा एवं मजबूती मिल सकती है। जिला महिला मंत्री शांति धाभाई ने महिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने जिला महिला संगोष्ठी को सार्थक एवं प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई। बैठक में एवं जिला संयुक्त मंत्री प्रिया सोनी खंड महिला मंत्री नयन बाला सोमानी,कोटडी खंड महिला मंत्री सावित्री नामा, पुखराज सेन, जिला उपाध्यक्ष शिवचरण शर्मा, जिला सचिव मुकेश कुमावत खंड अध्यक्ष नयनबुला,खंड कोषाध्यक्ष नवरत्न मल बगड़िया, पंकज सोनगरा , राकेश सोनी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए उत्साहपूर्वक कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

कथित भ्रष्ट आचरण के आरोपों पर बनेठा थाने में हैड कांस्टेबल दयाराम जाट व कांस्टेबल मोहम्मद फैज निलंबित...

बनेठा थाने में तैनात दोनों पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कई महीनों से मिल रही थीं शिकायतें

स्मार्ट हलचल



टोंक/उनियारा। उनियारा सर्किल के पुलिस थाना बनेठा में तैनात एक हैड कांस्टेबल एवं एक कांस्टेबल को कथित भ्रष्ट आचरण और अवैध गतिविधियों से जुड़े मामलों में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला पुलिस अधीक्षक टोंक रोशन मीणा (आईपीएस) ने 2 नवंबर को निलंबित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार निलंबित पुलिसकर्मियों में हैड कांस्टेबल दयाराम (बेल्ट नंबर 323) एवं कांस्टेबल मोहम्मद फैज (बेल्ट नंबर 80) शामिल हैं। दोनों के विरुद्ध पिछले कई महीनों से अवैध बजरी खनन एवं परिवहन, साइबर ठगी से जुड़े लोगों से कथित संपर्क, अवैध शराब बिक्री तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों को संरक्षण देने संबंधी शिकायतें मिल रही थीं। कथित तौर पर शिकायतों में आरोप लगाया गया था कि आपराधिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस के उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने वाले लोगों को परेशान किया जाता था। साथ ही निर्दोष व्यक्तियों को कथित रूप से झूठे मामलों में फंसाने, धमकाने एवं मारपीट करने जैसी शिकायतें भी सामने आई थीं।

बजरी परिवहन की शिकायत करने वाले युवक को शिवाड़ से पकड़ने और मारपीट का आरोप

कुछ दिनों पूर्व भी अवैध बजरी परिवहन के वीडियो बनाकर पुलिस के उच्चाधिकारियों को भेजने वाले एक युवक की लोकेशन पता कर उसे कथित तौर पर एक बजरी माफिया को साथ लेकर शिवाड़, थाना क्षेत्र चौथ का बरवाड़ा (जिला सवाई माधोपुर) से गिरफ्तार करने और मारपीट करने का मामला भी सामने आया था। आरोप है कि इसी रात बनेठा कस्बे के एक अन्य युवक पर अवैध बजरी परिवहन के नाम पर कथित वसूली का दबाव बनाया गया तथा पुलिस थाने में उसके साथ मारपीट की गई। इन घटनाओं को लेकर भी संबंधित पुलिसकर्मियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए गए थे।

पूर्व में स्थानांतरण के बाद फिर बनेठा थाने में तैनाती

शिकायतों के चलते हैड कांस्टेबल दयाराम का पूर्व में पुलिस थाना बनेठा से पुलिस थाना पचेवर स्थानांतरण किया गया था। हालांकि, कुछ समय पूर्व बनेठा थाना क्षेत्र में दूधिया राजू गुर्जर की हत्या के प्रकरण में जांच कमेटी के कार्य के संबंध में उन्हें दोबारा बनेठा थाने पर बुलाया गया था। आरोप है कि हैड कांस्टेबल करीब पांच वर्षों से बनेठा थाना क्षेत्र में लगातार तैनात रहे और उनके कार्य व्यवहार को लेकर समय-समय पर शिकायतें सामने आती रही थीं। वहीं कांस्टेबल मोहम्मद फैज के विरुद्ध भी कथित अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने संबंधी शिकायतें मिल रही थीं। लगातार मिल रही शिकायतों एवं सामने आए गंभीर आरोपों को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा ने दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

एसपी की कार्रवाई से पुलिस महकमे में हलचल

बनेठा थाने में तैनात दोनों पुलिसकर्मियों के निलंबन के बाद उनियारा सर्किल क्षेत्र सहित पुलिस महकमे में हलचल मची हुई है। जिला पुलिस अधीक्षक टोंक की इस कार्रवाई को पुलिस विभाग में जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हालांकि, संबंधित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की अंतिम पुष्टि जांच एवं विभागीय कार्रवाई के निष्कर्षों के बाद ही होगी।

मिर्गी रोग शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़, 131 को मिला उपचार

11 नए मरीज भी पहुंचे, 260 से अधिक लोगों ने पाई निःशुल्क भोजन सेवा

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा / गुलाबपुरा / श्री प्राज्ञ मिर्गी रोग निवारक समिति की ओर से मंगलवार को आयोजित निःशुल्क मिर्गी रोग चिकित्सा शिविर में 131 मरीजों का उपचार किया गया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर.के. चंडक ने मरीजों को परामर्श दिया। इनमें 11 नए मरीज शामिल रहे। सभी को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में अनिल चौधरी ने योग और नियमित अभ्यास के महत्व की जानकारी दी। एनआर कोगटा चैरिटेबल ट्रस्ट विजयनगर के सहयोग से आयोजित सेवा गतिविधियों में 260 से अधिक लोगों ने निःशुल्क भोजन का लाभ लिया। पूरे नवंबर माह शिविरों में भोजन सेवा जारी रहेगी। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि जरूरतमंद मिर्गी रोगियों को नियमित उपचार, परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराना संस्था का उद्देश्य है। मरीजों के परिजनों ने इस सेवा को मिर्गी रोगियों के लिए बड़ी राहत बताया।

झाड़ोल में ब्लॉक स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता पंच गौरव योजना के तहत ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला बड़ा मंच

स्मार्ट हलचल

उदयपुर। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पंच गौरव योजना एवं एक जिला एक खेल के अंतर्गत उदयपुर जिले के जनजातीय व ग्रामीण अंचलों (झाड़ोल, कोटड़ा तथा फलासिया) की ब्लॉक स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता (टैलेंट सर्च) का सफल आयोजन सोनी रिसॉर्ट, झाड़ोल में किया गया। यह प्रतियोगिता जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल तथा उदयपुर विकास प्राधिकरण एवं नगर विकास प्रन्यास आयुक्त अभिषेक खन्ना के दिशा-निर्देशों के क्रम में और जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य



ग्रामीण व स्थानीय प्रतिभाओं को तराशकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करना है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं का चयन आगामी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा। पिछले वर्ष भी चयनित तैराकों के लिए उदयपुर के महाराणा प्रताप खेलगांव में आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर विशेषज्ञों द्वारा एडवांस ट्रेनिंग दी गई थी।

यह रहे परिणाम

झाड़ोल ब्लॉक में बालक वर्ग के तहत मदन वडेरा, एनोश सरेड और भावेश गायरी प्रथम रहे। रमेश कपाया, जितेन्द्र कुमार और भगवती द्वितीय रहे। पंकज, संजय खराडी और मनिष परमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में रमीला कुमारी, लक्ष्मी कुमारी और वसुन्धरा लक्ष्मी प्रथम रहीं। ज्योती, दुर्गा, सुमित्रा, धुलकी, कैलाशी और कावली द्वितीय स्थान पर रहीं। कोटड़ा ब्लॉक में बालिका वर्ग के तहत सजना, जिया कुमारी, कपिला और प्रियंका प्रथम स्थान पर रहीं। रानी, त्रिपुरी, ललिता और सोनिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में नारायण लाल, राहुल और महेन्द्र प्रथम रहे। दिलीप कुमार, विमल और किशन द्वितीय तथा अर्जुनलाल, रमेश और करण तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार फलासिया ब्लॉक में बालक वर्ग में सुभाष, विजेश, जितेन्द्र, प्रवीण और जितेश प्रथम रहे। मोहित, सिद्धार्थ, अंकित खराडी, हिम्मत, युवराज सिंह और रघुवीर सिंह ने द्वितीय स्थान पाया। बालिका वर्ग में सपना दामा, कल्पना, प्रियंका और मनीषा प्रथम रहीं। सुर्या, ऐश्वर्या, आरती और कान्ता तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी कार्यालय से तैराकी प्रशिक्षक गगन व्यास और राधेश्याम सुथार सहित विभिन्न विद्यालयों के शारीरिक शिक्षक जैसे रमेश कुमार दरांगी, मावाराम दामा, भूरीलाल खराडी, भगवान लाल मेघवाल, जगदीश जोशी, नटवर सिंह झाला और कन्हैयालाल गमार उपस्थित रहे।

मेडल व मोमेंटो से बढ़े विजेताओं के हौसले

कार्यक्रम के दौरान झाड़ोल के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोरध्वज व्यास एवं मुख्य अतिथि व समाजसेवी यशवंत सोनी ने विजेताओं को मेडल व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। यशवंत सोनी ने युवाओं को खेलों में निरंतर रुचि बनाए रखने के लिए प्रेरित किया और स्पोर्ट्स कोटा के माध्यम से सरकारी नौकरियों में मिलने वाले अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने अपने संस्मरण साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं 8 वर्ष की अल्पायु से ही फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल और तैराकी में कई पदक हासिल कर चुके हैं।

ब्यावर के रेल नक्शे पर जुड़ा नया अध्याय, वाराणसी-साबरमती तक सीधा सफर

नई ट्रेन के ठहराव से यात्रियों को मिली बड़ी राहत, रेलवे स्टेशन पर तिलपट्टी खिलाकर लोको पायलट का किया स्वागत

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची

ब्यावर। ब्यावर के रेल यात्रियों के लिए मंगलवार का दिन खुशियों की नई सौगात लेकर आया। वाराणसी और साबरमती के लिए सीधी रेल सुविधा मिलने से अब यात्रियों को लंबी दूरी के सफर में बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। 3 नवंबर को ट्रेन का ब्यावर रेलवे स्टेशन पर ठहराव हुआ तो रेलवे समिति के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ इसका स्वागत किया। नई रेल सुविधा के तहत ब्यावर से मारवाड़ जंक्शन, फालना, आबू रोड और पालनपुर होते हुए साबरमती तक यात्रा की जा सकेगी। वहीं वाराणसी के लिए ट्रेन अजमेर, जयपुर, बांदीकुई और आगरा होकर जाएगी। इससे ब्यावर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। ट्रेन के ब्यावर पहुंचने पर रेलवे समिति सदस्य रतन सिंह मेहता ने लोको पायलट सुरेंद्र कुमार एवं सहायक लोको पायलट जगदीश प्रसाद का ब्यावर की प्रसिद्ध तिलपट्टी खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक गजेंद्र सिंह, सहीराम मीणा, रौनक श्रीमाल, जसराज शर्मा, गोपाल शर्मा, नौरत सोलंकी, विजय बनिया, सोनू सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने केंद्रीय रेल मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि वाराणसी और साबरमती से सीधा रेल संपर्क स्थापित होना ब्यावर के विकास और यात्रियों की सुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

गंभीरी नदी तट पर चुनरी मनोरथ, 56 भोग और अन्नकूट महोत्सव की तैयारियां पूरी

4 नवंबर को होगा आयोजन; 30 मिनट की भव्य आतिशबाजी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहेंगी आकर्षण

स्मार्ट हलचल

चित्तौड़गढ़ । मेवाड़ महोत्सव समिति के तत्वावधान में बुधवार, 4 नवंबर को गंभीरी नदी के पावन तट पर आयोजित होने वाले चुनरी मनोरथ, 56 भोग एवं अन्नकूट महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आयोजन स्थल पर नदी तट की सफाई, सजावट, टेंट और लाइटिंग सहित श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है। समिति के उपाध्यक्ष गोपाल भूतड़ा और अनुराग द्विवेदी ने बताया कि समिति अध्यक्ष अनंत समदानी, सचिव लीला आगाल, संरक्षक आशा पोखरना, भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव त्यागी, पार्षद भोलाराम प्रजापत, पार्षद शैलेंद्र झवर और अभिषेक श्रीमाल के सानिध्य में तैयारियां की गई हैं। आयोजन में भगवान श्रीनाथजी को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। सूरत से मंगवाई गई चुनरी से 10 से 15 नावों के माध्यम से चुनरी मनोरथ होगा। श्रद्धालुओं को नुगती-पकौड़ी का अन्नकूट प्रसाद वितरित किया जाएगा। कोटा से आने वाले पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ महाआरती होगी और चित्तौड़गढ़ के प्रमुख संतों का सम्मान किया जाएगा। समिति के अनुसार, इस बार गंभीरी नदी तट पर पहली बार भव्य आतिशबाजी होगी। लगभग 30 मिनट के इस दृश्यात्मक आयोजन में नदी के ऊपर आसमान में रंग-बिरंगी रोशनी और पानी में उसका प्रतिबिंब आकर्षण का केंद्र रहेगा। समिति की जया तोषनीवाल, राधा काबरा और रीना जागेटिया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ बैंड की प्रस्तुतियों के साथ होगा। भारत माता सेवा समिति और आरंभ शक्ति समूह की बालिकाएं हाथों में भगवा ध्वज लेकर तलवारों से शौर्य प्रदर्शन करेंगी। बालिकाओं का अभ्यास निंबाहेड़ा स्थित हनुमान मंदिर में होता है। उनके प्रशिक्षक अमन सेन और मनोहर माली भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। चुनरी मनोरथ के बाद चित्तौड़गढ़ की गंगा गंभीरी माता की आरती पर आधारित महाआरती होगी। यह आरती चित्तौड़गढ़ के इंजीनियर कान्हा तोषनीवाल की स्वरचित है। समिति अध्यक्ष अनंत समदानी, सचिव लीला आगाल, संरक्षक आशा पोखरना तथा उपाध्यक्ष गोपाल भूतड़ा और अनुराग द्विवेदी ने शहरवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। आयोजन की व्यवस्थाओं में समिति पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं सहित महिला कार्यकर्ताओं की टीम जुटी हुई है।

आईपीएल की तर्ज पर होगी औदिच्य समाज क्रिकेट प्रतियोगिता

भव्य ऑक्शन के साथ हुई ट्रॉफी लॉन्चिंग



स्मार्ट हलचल

उदयपुर । औदिच्य समाज केंद्रीय कार्यकारिणी और बेदला कुटुंब के संयुक्त तत्वावधान में इस बार क्रिकेट का खासा रोमांच देखने को मिलेगा। इस बार पूरा टूर्नामेंट आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया जा रहा है जिसका भव्य ऑक्शन केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश शर्मा, कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारी और समाज के सभी गांवों के आदरणीय अध्यक्षगण एवं सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में औदिच्य समाज भवन बेदला में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न टीमों के लिए खिलाड़ियों की बोलियां लगाई गईं। बेदला कुटुंब अध्यक्ष भगवती प्रसाद शर्मा ने बताया कि ऑक्शन को लेकर युवाओं और समाजजनों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस गौरवपूर्ण अवसर पर प्रतियोगिता की चमचमाती ट्रॉफी की भव्य लॉन्चिंग की गई और आधिकारिक पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

25 से 27 दिसंबर तक खेले जाएंगे मैच

समाज की इस बहुप्रतीक्षित क्रिकेट प्रतियोगिता की तिथियों की आधिकारिक घोषणा भी कर दी गई है। यह टूर्नामेंट अगले महीने 25, 26 और 27 दिसंबर 2026 को खेला जाएगा। खेल प्रेमियों के लिए खुशी की बात यह है कि टूर्नामेंट के सभी मुकाबले चावत स्पोर्ट्स एकेडमी के शानदार और आधुनिक खेल मैदान पर आयोजित किए जाएंगे।

एकजुटता का नया विज़न

इस ऐतिहासिक शुरुआत के अवसर पर औदिच्य समाज की गहरी एकजुटता देखने को मिली। युवाओं के इस नए और सकारात्मक विज़न को समाज के बुजुर्गों और मार्गदर्शकों का पूरा आशीर्वाद और भरपूर समर्थन मिला। समाज के पदाधिकारियों ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की इस नई सोच ने समाज को एक सूत्र में पिरोने, आपसी मेलजोल बढ़ाने और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए एक बेहतरीन और मजबूत मंच तैयार किया है।

पांचड़ा की झोपड़ीया मे अवैध खनन बंद करने को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमलिया ने किया विरोध प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल



कोटा : दिगोद तहसील के पाचडा की झोपड़िया में हो रहे अवैध खनन के मामले को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष गीता मेघवाल के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमलिया के द्वारा जिला कलेक्टर कोटा के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और माँग की कि आनंद सिंह हारून रशिद पलायथा एसोसियऐयट्स उक्त तीनों फर्मों ने लीज की आड़ में वन भूमि पर अवैध तरीके से अधिकारियों के साथ मिलकर करोड़ों रुपये के पत्थर बेचान कर दिये जिसमें खनन विभाग के अधिकारियों और स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत रही है सभी के खिलाफ ठोस कानूनी कार्यवाही तथा वसूली की कार्यवाही की मांग की ब्लॉक अध्यक्ष गीता मेघवाल ने कहा की अगर क्षेत्र में शीघ्र अवैध खनन का कारोबार बंद होना चाहिए और तीनों फर्मों से अवैध बेचे गए पत्थरों की राशि की वसूली होनी चाहिए तथा इन फर्मों के लाइसेंस रद्द किये जाए सात दिवस में उचित कार्यवाही ना होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने वालों में रामकैलाश मेघवाल पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, रमेश चंद नागर आनंदी लाल मेरोठा कुंज बिहारी नागर विष्णु मीणा साँवरा गुर्जर सा ब्लॉक अध्यक्ष विनोद मेघवाल सत्यनारायण मेघवाल एडवोकेट खलील भाई ओमा शंकर नागर नेमीचंद् मीणा हरिओम मंडावरी हेमंत एरवाल प्रदीप मालव चंद्र मोहन मेघवाल चतुर्भुज मेघवाल सोनू मेघवाल पवन मीणा आयुष सेन हेमराज मीणा गोपाल लाल मुरली धर आदि पदाधिकारी और कार्य कर्ता गण उपस्थित रहे !

शादी का झांसा देकर लिव-इन पार्टनर ने किया रेप :6 साल से साथ रह रहे थे, पुलिस जांच में जुटी

स्मार्ट हलचल

अजमेर अजमेर में शादी का भरोसा देकर युवती के साथ करीब 6 साल तक फिजिकल रिलेशन बनाने और बाद में शादी से मना करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने लिव इन पार्टनर पर शादी का झांसा देकर रेप करने और मानसिक प्रताड़ना देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2020 से दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। इस दौरान वे अलग-अलग जगहों पर किराए के मकानों में साथ रहे। आरोप है कि पार्टनर ने शादी का भरोसा दिलाकर संबंध बनाए। करीब एक साल पहले शादी की बात को लेकर दोनों के बीच अनबन हुई। इसके बाद भी पार्टनर ने शादी के लिए समय मांगा और संबंध जारी रखे। पीड़िता का आरोप है कि शादी की बात करने पर हर बार कोई न कोई बहाना बनाया गया। इस दौरान उसे मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना भी झेलनी पड़ी। मार्च 2026 में अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान भी पार्टनर ने साथ देने के बजाय गाली-गलौज की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि अब पार्टनर ने शादी से इनकार कर दिया है और उसके व्यवहार में बदलाव आ गया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जोधपुर के बासनी में हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में आग

फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियों से दो घंटे में पाया काबू, नहीं हुई कोई जनहानि

स्मार्ट हलचल

जोधपुर जोधपुर के बासनी हड्डी मिल क्षेत्र की एक हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में आज सुबह अचानक से आग लग गई। इस दौरान लोहे का टीन शेड गिर गया। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। चीफ फायर ऑफिसर जयसिंह चौहान ने बताया कि बासनी के हड्डी मिल, श्रमिक बस्ती के पास बनी एक हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में आज सुबह अचानक से आग लग गई। इसकी सूचना मिलने के बाद बासनी के अलावा शास्त्रीनगर, चौपासनी, बोरानाडा, मंडोर से गाड़ियां बुलाई गई। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

नरबदखेड़ा में वोटिंग का जोश सबसे ज्यादा, जिले में 56.93 फीसदी मतदान

चार पंचायत समितियों में 2.17 लाख मतदाताओं ने डाले वोट, नरबदखेड़ा 61.33 प्रतिशत के साथ रहा अव्वल

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची



ब्यावर । पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत मंगलवार को ब्यावर जिले की चार पंचायत समितियों एवं 14 जिला परिषद वार्डों में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। शाम 6 बजे तक जिले की चार पंचायत समितियों में कुल 56.93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं में उत्साह नजर आया और बड़ी संख्या में लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते दिखाई दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार जिले की चार पंचायत समितियों में कुल 3 लाख 82 हजार 122 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 2 लाख 17 हजार 523 मतदाताओं ने वोट डाले। पंचायत समिति नरबदखेड़ा में सर्वाधिक 61.33 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं रास में 59.96 प्रतिशत, जैतारण में 54.40 प्रतिशत तथा जवाजा में 53.19 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जिला परिषद सदस्य के चुनाव में भी शाम तक 56.36 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी पूरे समय मुस्तैद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी कमल राम मीना एवं जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान कार्मिकों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जिले के ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही मतदान को लेकर हलचल बनी रही। मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी निभाते हुए अपने मताधिकार का उपयोग किया। प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों पर सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ संभालने के लिए गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर बनेगा होल्डिंग एरिया, चरणबद्ध तरीके से मिलेगा प्लेटफॉर्म पर प्रवेश

महाप्रबंधक पंकज शर्मा ने गांधीनगर जयपुर स्टेशन का किया निरीक्षण, पुनर्विकास कार्यों और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल



जयपुर दीपावली सहित आगामी त्योहारों के दौरान रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। यात्रियों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्टेशन परिसर में होल्डिंग एरिया विकसित किया जा रहा है। यहां यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से रोककर चरणबद्ध रूप से प्लेटफॉर्म पर प्रवेश दिया जाएगा, जिससे एक साथ भीड़ एकत्रित होने की स्थिति से बचा जा सके। इन व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक पंकज शर्मा ने मंगलवार को गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने त्योहारों के मद्देनजर तैयार किए जा रहे रोलिंग क्राउड मैनेजमेंट प्लान की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्य भी अंतिम चरण में हैं। महाप्रबंधक ने इन कार्यों का निरीक्षण करते हुए यात्रियों की सुविधाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग करने, पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने, प्रवेश एवं निकास मार्गों को सुगम बनाने तथा सीसीटीवी निगरानी और संकेतक व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने त्योहारों के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए स्टेशन पर तैनात सभी संबंधित कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियों की आवाजाही को व्यवस्थित बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक रवि जैन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) विवेक सक्सेना, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा, प्रमुख मुख्य इंजीनियर जे.एस. लाकरा सहित उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय एवं जयपुर मंडल के अधिकारी मौजूद रहे।

डीआईजी राजेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में नशा तस्करों पर एचएसएनसीबी का शिकंजा, चार माह में 45 मुकदमे दर्ज, 50 आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद, गुरुग्राम और रेवाड़ी यूनिटों की कार्रवाई में हेरोइन, गांजा, एमडीएमए और कोकीन बरामद; 31 जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए युवाओं को किया जागरूक

स्मार्ट हलचल

फरीदाबाद। हरियाणा में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) ने व्यापक अभियान चलाते हुए तस्करों पर शिकंजा कसा है। ब्यूरो की फरीदाबाद, गुरुग्राम और रेवाड़ी यूनिटों ने पिछले चार महीनों में कार्रवाई करते हुए 45 मुकदमे दर्ज किए और 50 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों के साथ नशीली दवाइयों और इंजेक्शन की बड़ी खेप बरामद की गई। ब्यूरो ने कार्रवाई के साथ-साथ युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए 31 जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए। ब्यूरो प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार के निर्देशन तथा डीआईजी राजेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में तीनों यूनिटों ने 1 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीमों ने सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए नशा तस्करी से जुड़े मामलों में कार्रवाई की। अभियान में व्यावसायिक मात्रा में मादक पदार्थों की बरामदगी वाले मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया।



45 मुकदमों में 11 कमर्शियल क्वांटिटी के मामले

चार महीने के दौरान तीनों यूनिटों में कुल 45 मुकदमे दर्ज किए गए। इनमें 11 मामले कमर्शियल क्वांटिटी यानी व्यावसायिक मात्रा के, 32 मामले इंटरमीडिएट क्वांटिटी और 2 मामले स्मॉल क्वांटिटी के रहे। व्यावसायिक मात्रा के मामलों में नशे की बड़ी खेप बरामद होने के कारण जांच एजेंसियां इनके स्रोत और सप्लाई नेटवर्क तक पहुंचने पर विशेष ध्यान दे रही हैं।

गुरुग्राम यूनिट ने दर्ज किए सबसे ज्यादा 19 मुकदमे

गुरुग्राम यूनिट ने चार महीने में 19 मुकदमे दर्ज कर 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें 7 कमर्शियल, 11 इंटरमीडिएट और 1 स्मॉल क्वांटिटी का मामला शामिल है। तीनों यूनिटों के कुल 11 कमर्शियल मामलों में से 7 मामले अकेले गुरुग्राम यूनिट के हैं। यूनिट ने कार्रवाई के दौरान 163.71 ग्राम एमडीएमए, 43.26 ग्राम कोकीन, 40.39 ग्राम हेरोइन, 6.92 किलोग्राम गांजा और 24 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए। गुरुग्राम यूनिट ने प्रवर्तन कार्रवाई के साथ जागरूकता अभियान भी चलाया और सबसे अधिक 19 कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।

फरीदाबाद यूनिट ने 21 आरोपियों को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद यूनिट ने 18 मुकदमे दर्ज कर 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें 2 कमर्शियल, 15 इंटरमीडिएट और 1 स्मॉल क्वांटिटी का मामला शामिल है। कार्रवाई के दौरान यूनिट ने 205.278 ग्राम हेरोइन, 6.96 किलोग्राम गांजा, 6.194 किलोग्राम पोस्त चूरा, 8.90 ग्राम कोकीन, 6,480 नशीली कैप्सूल व टैबलेट, 386 नशीले इंजेक्शन और 24 बोतल कोडीन सिरप बरामद किए। तीनों यूनिटों की कुल हेरोइन बरामदगी में फरीदाबाद यूनिट की हिस्सेदारी करीब 72 प्रतिशत रही। यूनिट की ओर से पांच जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

रेवाड़ी यूनिट ने 8 मुकदमे दर्ज कर 8 आरोपी पकड़े

रेवाड़ी यूनिट ने चार महीने में 8 मुकदमे दर्ज कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें 2 कमर्शियल और 6 इंटरमीडिएट क्वांटिटी के मामले शामिल हैं। यूनिट ने 38.14 ग्राम हेरोइन, 3,600 ट्रामाडोल कैप्सूल और 8 बोतल कोडीन सिरप बरामद किया। इसके अलावा सात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया।

तीनों यूनिटों की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी बरामदगी

1 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक तीनों यूनिटों ने संयुक्त रूप से 283.808 ग्राम हेरोइन, 163.71 ग्राम एमडीएमए, 52.16 ग्राम कोकीन, 13.88 किलोग्राम गांजा और 6.194 किलोग्राम पोस्त चूरा बरामद किया। इसके अलावा 10,104 नशीली कैप्सूल व टैबलेट, 386 नशीले इंजेक्शन और 32 बोतल कोडीन सिरप भी जब्त किए गए। बरामदगी के आंकड़े बताते हैं कि क्षेत्र में हेरोइन और गांजा जैसे पारंपरिक नशीले पदार्थों के साथ एमडीएमए और कोकीन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स तथा नशीली दवाइयों की अवैध सप्लाई भी चुनौती बनी हुई है।

नशे के स्रोत और सप्लाई चेन तक पहुंचना प्राथमिकता : डीआईजी मीणा

डीआईजी एचएसएनसीबी राजेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशे के खिलाफ ब्यूरो की लड़ाई केवल गिरफ्तारी और बरामदगी तक सीमित नहीं है। प्रत्येक मामले में, विशेषकर कमर्शियल क्वांटिटी के मामलों में, नशे के वास्तविक स्रोत और सप्लाई चेन तक पहुंचना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार को रोकने के लिए पुलिस की कार्रवाई के साथ समाज का सहयोग भी जरूरी है। चार महीनों में फरीदाबाद, गुरुग्राम और रेवाड़ी यूनिटों की टीमों ने बेहतर कार्य किया है। नशे के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तेजी से जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि नशीले पदार्थों की बिक्री और तस्करी से संबंधित कोई भी जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस या ब्यूरो को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

कार्रवाई के साथ जागरूकता पर भी फोकस

एचएसएनसीबी ने नशे के खिलाफ अभियान में केवल पुलिस कार्रवाई को ही नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता को भी महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया है। चार महीने में तीनों यूनिटों ने कुल 31 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें गुरुग्राम में 19, रेवाड़ी में 7 और फरीदाबाद में 5 कार्यक्रम हुए। इन कार्यक्रमों में स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों, युवाओं, अभिभावकों और आमजन को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। साथ ही एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों की जानकारी देकर लोगों को नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

नशे की सूचना देने के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर

ब्यूरो ने आमजन से अपील की है कि उनके आसपास कहीं भी नशीले पदार्थों की बिक्री, तस्करी या अवैध कारोबार की जानकारी मिले तो तत्काल सूचना दें। इसके लिए एचएसएनसीबी हेल्पलाइन नंबर 90508-91508 और मानस टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1933 जारी किए गए हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। डीआईजी राजेंद्र कुमार मीणा ने शहरवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए परिवार के साथ त्योहार मनाने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में पुलिस के साथ आमजन, अभिभावकों, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी जरूरी है।

पर्यटन केवल घूमने-फिरने का माध्यम नहीं, मानसिक सुकून और स्वस्थ जीवनशैली का भी आधार : प्रो. अनुकृति शर्मा

'द बैलेंस्ड लाइफ' विषय पर दिया व्याख्यान, शारीरिक सक्रियता, मानसिक शांति और पर्यटन के अंतर्संबंधों को समझाया; लाइव डेमोंस्ट्रेशन से बताई स्वस्थ जीवन की राह

स्मार्ट हलचल



कोटा। जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए केवल शारीरिक सक्रियता पर्याप्त नहीं है, बल्कि मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और तनाव प्रबंधन भी उतना ही जरूरी है। योग, ध्यान और खेल जहां शरीर को स्वस्थ रखते हैं, वहीं पर्यटन व्यक्ति को रोजमर्रा की एकरसता से बाहर निकालकर प्रकृति, संस्कृति और नए अनुभवों से जोड़ता है। इसी विचार को केंद्र में रखते हुए कोटा विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी विभाग की विभागाध्यक्ष एवं पर्यटन विशेषज्ञ प्रो. (डॉ.) अनुकृति शर्मा ने उत्तराखंड के नैनीताल में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में पर्यटन को संतुलित जीवनशैली और मानव कल्याण से जोड़ते हुए महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने संगोष्ठी में कोटा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अकादमिक सहभागिता की। कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से खेल, योग, ध्यान, स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण, खेल विज्ञान, प्रबंधन, वाणिज्य और वेलनेस जैसे विषयों को एक साझा अकादमिक मंच पर लाने के उद्देश्य से यह अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण एवं शोध संस्थानों के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया। इनमें सऊदी अरब की किंग फहद यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड मिनरल्स, इंडोनेशिया की योग्याकर्ता स्टेट यूनिवर्सिटी, मिस्र की मंसूरा यूनिवर्सिटी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, कुमाऊं विश्वविद्यालय और लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर सहित अनेक संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल रहे। संगोष्ठी के दूसरे दिन प्रो. अनुकृति शर्मा ने 'द बैलेंस्ड लाइफ : इंटीग्रेटिंग मूवमेंट, माइंड एंड वेल-बीइंग' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियां कम होने और मानसिक दबाव बढ़ने से व्यक्ति का जीवन असंतुलित होता जा रहा है। ऐसे में शरीर, मन और व्यवहार के बीच सामंजस्य स्थापित करना आवश्यक है। तनाव का एक बड़ा कारण अनावश्यक चिंताओं और नकारात्मक विचारों को लगातार मन में बनाए रखना है। व्यक्ति को 'लेट गो' अर्थात ऐसी बातों और परिस्थितियों को छोड़ना सीखना चाहिए, जिन्हें बदलना उसके नियंत्रण में नहीं है। उन्होंने पर्यटन के स्वास्थ्य संबंधी पक्ष को स्पष्ट करते हुए कहा कि यात्रा केवल नए स्थान देखने या मनोरंजन का माध्यम नहीं है। यह व्यक्ति को प्रकृति के करीब लाकर मानसिक थकान दूर करने और दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में मदद करती है। स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली से परिचय व्यक्ति को नए अनुभव देता है। प्रकृति के बीच पैदल भ्रमण और शांत वातावरण में समय बिताना मानसिक सुकून तथा सकारात्मकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। इस दृष्टि से पर्यटन को शारीरिक सक्रियता, मानसिक विश्राम और समग्र स्वास्थ्य से जोड़कर देखने की आवश्यकता है। प्रो. शर्मा ने अपने व्याख्यान को व्यावहारिक स्वरूप देते हुए स्वस्थ जीवनशैली और मानव कल्याण से संबंधित गतिविधियों का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी प्रस्तुत किया। इसके माध्यम से उन्होंने प्रतिभागियों को शारीरिक सक्रियता, मानसिक सजगता और दैनिक जीवन में संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक तरीके समझाए। उन्होंने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए हमेशा बड़े बदलाव जरूरी नहीं होते, बल्कि नियमित दिनचर्या में छोटी-छोटी सकारात्मक आदतें भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संगोष्ठी के दूसरे दिन 'फ्रॉम पॉलिसी टू प्रैक्टिस : एडवांसिंग स्पोर्ट्स, योगा एंड मेडिटेशन फॉर ह्यूमन वेल-बीइंग इन उत्तराखंड-लेसंस फॉर इंडिया एंड द वर्ल्ड' विषय पर पैनल डिस्कशन आयोजित हुआ। इसमें डॉ. सरस्वती खेतवाल, प्रो. जतिन सोनी, प्रो. राजीव चौधरी और प्रो. अनुकृति शर्मा ने विचार साझा किए। चर्चा में खेल, योग और ध्यान को नीतिगत स्तर से व्यावहारिक जीवन तक पहुंचाने तथा मानव कल्याण में इनकी भूमिका पर मंथन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने किया। आयोजन ने विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों को शोध प्रस्तुत करने, अकादमिक संवाद स्थापित करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध सहयोग की संभावनाएं तलाशने का अवसर प्रदान किया। संगोष्ठी में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित शिक्षण और शोध संस्थानों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। इनमें सऊदी अरब की किंग फहद यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड मिनरल्स, इंडोनेशिया की योग्याकर्ता स्टेट यूनिवर्सिटी, मिस्र की मंसूरा यूनिवर्सिटी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, कुमाऊं विश्वविद्यालय तथा ग्वालियर स्थित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) सहित अन्य प्रमुख संस्थानों के शिक्षाविद एवं शोधकर्ता शामिल रहे। संगोष्ठी में खेल, योग, ध्यान, खेल विज्ञान, स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण, प्रबंधन और वेलनेस के विभिन्न आयामों पर अकादमिक विमर्श हुआ। साथ ही शोध प्रस्तुतियों, विशेषज्ञों के संवाद और अंतरराष्ट्रीय अकादमिक सहयोग की संभावनाओं को भी मंच

शांतिपूर्ण तरीके से हुआ पंचायत चुनाव के तृतीय चरण का मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

स्मार्ट हलचल



सवाई माधोपुर, 3 नवम्बर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत सवाई माधोपुर जिले की पंचायत समिति बामनवास, बौंली, मलारना डूंगर एवं खण्डार क्षेत्र में तृतीय चरण का मतदान मंगलवार को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित माहौल में हुआ। मतदान के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे मतदाताओं ने निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम एवं पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी ने मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने के उद्देश्य से भाड़ौती एवं मलारना डूंगर स्थित राजकीय विद्यालयों में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान कार्मिकों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा मतदान शुरू होने से पूर्व ईवीएम पर कराए गए मॉक पोल के रिकॉर्ड का अवलोकन किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मलारना डूंगर के विद्यालय परिसर में संचालित 12 मतदान बूथों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और यहां सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने गुरुवार को होने वाले पंच एवं सरपंच पद के मतदान दिवस के दिन आवश्यक बैरिकेडिंग एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बामनवास पंचायत समिति क्षेत्र में भी कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला परिषद वार्ड संख्या 5 एवं पंचायत समिति वार्ड संख्या 12 के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरनाला में मतदान केन्द्रों दौरा किया। इन अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर उपस्थित मतदाताओं से संवाद कर सुचारू मतदान प्रक्रिया तथा मतदान कार्मिकों से अब तक हुए मतदान की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्मिकों को मतदाताओं के लिए सुगम मतदान व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

आदर्श मतदान केंद्र पर दिखी विशेष व्यवस्थाएं :- जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिछौछ में संचालित आदर्श मतदान केंद्र में भी चुनाव प्रक्रिया और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस परिसर में मतदान के लिए आवश्यक संकेतक एवं दिशा-निर्देश प्रदर्शित किए गए हैं। साथ ही, निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं से बातचीत कर मतदान प्रक्रिया के सुव्यवस्थित संचालन एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों पर तैनात कार्मिकों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करते हुए पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पीठासीन अधिकारी को पॉलिंग बूथ में मतदाता को मतदान की प्रक्रिया समझाने के लिए डमी ईवीएम का उपयोग करने का सुझाव दिया।

फोटो कैप्शन:-2 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम एवं पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी।

त्योहारों में सुरक्षित रेल संचालन और यात्री सुविधाओं पर रहेगा विशेष फोकस, उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक

महाप्रबंधक पंकज शर्मा ने संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 8 रेलकर्मियों को किया सम्मानित, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश...

स्मार्ट हलचल



जयपुर- आगामी त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने सुरक्षित रेल संचालन और यात्री सुविधाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार, 3 नवंबर को उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक पंकज शर्मा की अध्यक्षता में संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में त्योहारों की तैयारियों, रेल सुरक्षा, यात्री सुविधाओं और विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेल संचालन में संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने निर्माण परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के साथ कवच प्रणाली से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर भी जोर दिया।

बैठक में त्योहारों के दौरान प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर साफ-सफाई, सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सर्दियों में कोहरे की आशंका वाले क्षेत्रों में रेलवे ट्रैक की निगरानी, नियमित पेट्रोलिंग तथा विद्युत और सिग्नल उपकरणों के रखरखाव की समीक्षा की गई। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और कर्मचारियों को संरक्षा के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए।

इसके अलावा आधारभूत संरचना, निर्माण परियोजनाओं, पूंजीगत कार्यों, रेलवे ट्रैक की फेंसिंग, कार्य निष्पादन और आय बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा हुई। महाप्रबंधक ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने की आवश्यकता जताई।

बैठक के दौरान संरक्षा के क्षेत्र में सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले 8 रेलकर्मियों को महाप्रबंधक पंकज शर्मा ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। उन्होंने रेलकर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करने में प्रत्येक कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी विभागाध्यक्ष, चारों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

दीपों की जगमगाहट में सजेगा बांकेबिहारी का दरबार, रमा एकादशी पर उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

ध्वजारोहण से लेकर भजनोत्सव और दीपदान तक होंगे आयोजन, शिखरानी अग्रवाल भजनों से बांधेंगी समां

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची



ब्यावर। सूरजपोल गेट बाहर स्थित बांकेबिहारी मंदिर में गुरुवार को रमा एकादशी महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में धार्मिक आयोजनों की विशेष छटा देखने को मिलेगी। ठाकुरजी का दरबार दीपमालिका से सजाया जाएगा, वहीं भजन और दीपदान से पूरा वातावरण भक्तिमय बनेगा। हीरालाल जगन्नाथ डाणी ट्रस्ट के अध्यक्ष माणक डाणी ने बताया कि सुबह 7 बजे मांगलिक प्रतीकों से युक्त नगर प्रतिपालक ध्वजा का वैदिक विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके बाद भंवरलाल रमेशकुमार परिहार परिवार के मनोरथ से मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण होगा। दोपहर 3 बजे से रमेशकुमार प्रदीपकुमार बंसल के सौजन्य से भजनोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसमें भजन गायिका शिखरानी अग्रवाल भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर करेंगी। ट्रस्ट के मंत्री राजेन्द्र गर्ग ने बताया कि एकादशी पर पंडित जितेंद्र दाधीच द्वारा ठाकुरजी के गर्भगृह में आकर्षक दीपमालिका सजाई जाएगी। वहीं कार्तिक दामोदर मास की पावन एकादशी पर संध्या बेला में श्रद्धालु महिलाएं ठाकुरजी के समक्ष दीपदान करेंगी।

देश की सामाजिक समरसता को ठोस पहुंचाता एससी एसटी एक्ट

'न्याय का वास्तविक उद्देश्य केवल पीड़ित को संरक्षण देना नहीं, बल्कि न्याय की प्रक्रिया में किसी निर्दोष के साथ अन्याय न होने देना भी

रीना एन. सिंह एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट



भारतीय संविधान का उद्देश्य समानता, स्वतंत्रता, न्याय और मानवीय गरिमा को बरकरार रखना है। संविधान ने सदियों से सामाजिक भेदभाव और जातिगत उत्पीड़न झेलने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदायों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए विशेष प्रावधान किए है। इसी उद्देश्य से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 अस्तित्व में आया। इस कानून का मूल उद्देश्य जाति-आधारित अत्याचारों को रोकना, पीड़ितों को न्याय दिलाना और समाज में समानता स्थापित करना था। लेकिन किसी भी कानून की सफलता केवल उसकी कठोरता से नहीं, बल्कि उसके निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से लागू करने से निर्धारित होती है। इसलिए यह प्रश्न विचारणीय है कि सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने वाले कानून के पालन में पीड़ितों के संरक्षण के साथ-साथ आरोपी के निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए। क्यूंकि कानून की कठोरता तभी सार्थक है, जब उसका प्रयोग न्याय के लिए हो, किसी के उत्पीड़न के लिए नहीं। वर्ष 2018 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने डॉ. सुभाष काशीनाथ महाजन बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले में कुछ महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए, न्यायालय ने संबंधित परिस्थितियों में गिरफ्तारी से पहले सक्षम अधिकारी की अनुमति, शिकायत की प्रारंभिक जाँच तथा अग्रिम जमानत के संबंध में न्यायिक विचार की गुंजाइश पर चर्चा की। इन निर्देशों का उद्देश्य निर्दोष की अनुचित गिरफ्तारी और कानूनी प्रक्रिया के संभावित दुरुपयोग से बचाने के उपाय तलाशना था। हालाँकि, इस निर्णय के बाद व्यापक बहस हुई, केंद्र सरकार ने पुनर्विचार याचिका दायर की और माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2019 को संबंधित निर्देश वापस ले लिए। इससे पहले संसद ने 2018 में अधिनियम में धारा 18ए जोड़कर स्पष्ट किया था कि इस कानून के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करने के लिए प्रारंभिक जाँच आवश्यक नहीं होगी और गिरफ्तारी के लिए किसी की पूर्व अनुमति अनिवार्य नहीं होगी। इसके बाद पृथ्वी राज चौहान बनाम भारत संघ मामले में वर्ष 2020 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 के संशोधन की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा। माननीय न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि जहाँ प्रथम दृष्टया अत्याचार का मामला नहीं बनता, वहाँ अदालतें उचित मामलों में कानूनी राहत पर विचार कर सकती हैं। इसलिए 2018 के दिशा-निर्देशों को आज लागू सामान्य नियम के रूप में प्रस्तुत करना सही नहीं होगा। वर्तमान कानूनी स्थिति का आकलन अधिनियम के लागू प्रावधानों और बाद के न्यायिक निर्णयों के आधार पर ही किया जाना चाहिए। हालाँकि किसी भी आपराधिक कानून के अंतर्गत दुर्भावनापूर्ण शिकायत या झूठे आरोप की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। एससी एसटी अधिनियम के संदर्भ में भी ऐसे आरोपों और न्यायिक टिप्पणियों पर चर्चा होती रही है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 के निर्णय में निर्दोष व्यक्तियों को झूठे आरोपों में फँसाए जाने की आशंका पर विचार किया था। रहथ ही, न्यायालय ने अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के विरुद्ध जारी सामाजिक भेदभाव और अत्याचारों की वास्तविकता को भी रेखांकित किया। वर्तमान में स्वर्ण समाज के नागरिकों को एससी एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के कथित दुरुपयोग, झूठे आरोपों और अनावश्यक कानूनी उत्पीड़न से बचाने के लिए व्यापक कानूनी एवं विधायी सुधारों की आवश्यकता है, परन्तु दुर्भाग्यवश कोई नेता कोई सरकार इस विषय पर बात नहीं करती, जबकि केंद्र सरकार को कानून के निष्पक्ष क्रियान्वयन, साक्ष्य आधारित जाँच, समयबद्ध न्यायिक प्रक्रिया तथा जानबूझकर झूठी शिकायत या गढ़े हुए साक्ष्य के मामलों में कानून के अनुसार जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। जिन मामलों में प्रथमदृष्टया अपराध नहीं बनता, उनमें निर्दोष व्यक्तियों को तुरंत उचित न्यायिक राहत मिलनी चाहिए तथा गिरफ्तारी और जमानत संबंधी प्रावधानों का पालन संविधान एवं लागू कानून के अनुरूप तेजी से होना चाहिए, साथ ही, स्वर्ण समाज के गरीब जरूरतमंद परिवारों के लिए स्वर्ण आयोग और स्वर्ण कानूनी सहायता मंच स्थापित किए जाएँ तथा सरकार के समक्ष ठोस प्रमाणों पर आधारित संशोधन प्रस्ताव रखे जाएँ, ताकि वास्तविक पीड़ितों को संरक्षण मिले, निर्दोष नागरिकों का उत्पीड़न रुके और सामाजिक न्याय के साथ संवैधानिक समानता एवं निष्पक्ष न्याय भी सुनिश्चित हो। कानून के संभावित दुरुपयोग पर चर्चा आँकड़ों, जाँच के परिणामों और न्यायालयों के निर्णयों के आधार पर होनी चाहिए, न कि किसी पूरे समुदाय या सभी शिकायतकर्ताओं के बारे में सामान्य निष्कर्ष निकालकर। समाज में अनेक बार पड़ोर, संपत्ति, व्यापार, कार्यस्थल, पारिवारिक विवाद अथवा व्यक्तिगत मतभेदों को लेकर कहासुनी होती है, यदि ऐसे विवाद में अनुसूचित जाति या जनजाति से संबंधित व्यक्ति शामिल हो, तो यह देखना आवश्यक है कि क्या शिकायत में अधिनियम के अंतर्गत किसी विशिष्ट अपराध के आवश्यक कानूनी तत्व मौजूद हैं ।हर विवाद अपने आप जातिगत अत्याचार नहीं बन जाता, उसी प्रकार, हर शिकायत को सामान्य विवाद बताकर खारिज भी नहीं किया जा सकता। आरोपों की प्रकृति, कथित कृत्य, आवश्यक कानूनी शर्तों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष निर्णय होना चाहिए। कानून का उद्देश्य जातिगत उत्पीड़न को रोकना है, न कि किसी वास्तविक अपराध को केवल व्यक्तिगत विवाद का नाम देकर उससे बच निकलने का अवसर देना।

(लेखिका सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता है।)

'शी लीड्स' से महिला उद्यमिता को मिली नई दिशा, कारोबार विस्तार पर जोर

कोटा की 50 महिला उद्यमियों ने एक मंच पर तलाशे कारोबार के नए अवसर

महिला उद्यमियों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने पर मंथन

स्मार्ट हलचल



कोटा। महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने और व्यवसाय विस्तार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बीएनआई कोटा डिस्ट्रिक्ट एवं बीएनआई सहज चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में निजी होटल में 'शी लीड्स' नेटवर्किंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'कनेक्ट, कोलैबोरेट एंड ग्रो' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में कोटा की 50 महिला उद्यमियों ने भाग लिया। इसमें व्यावसायिक संपर्कों को मजबूत बनाने, आपसी सहयोग और नेटवर्किंग के माध्यम से कारोबार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की प्रोजेक्ट डायरेक्टर सीएस लीना नारंग ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जीबीआईजेक्स ग्लोबल कॉमर्स काउंसिल की चेयरपर्सन निशिता सुरोलिया तथा राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की यंग वुमन एंटरप्रेन्योर्स (वाईडब्ल्यूई) चेयरपर्सन, नैसकॉम रीजनल काउंसिल की सदस्य एवं क्लाउडमिनिस्टर टेक्नोलॉजीज की सह-संस्थापक चांदनी जग्गा उपस्थित रहीं। बीएनआई कोटा डिस्ट्रिक्ट के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर पीयूष गुप्ता ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि कोटा में महिलाओं द्वारा संचालित व्यवसाय तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। 'शी लीड्स' जैसे मंच महिला उद्यमियों को एक-दूसरे से जुड़ने, अनुभव साझा करने और नए व्यावसायिक अवसर विकसित करने का अवसर देते हैं। जब उद्यमी एक-दूसरे की प्रगति में सहयोगी बनते हैं, तो सामूहिक रूप से व्यवसाय की संभावनाएं भी बढ़ती हैं। मुख्य अतिथि निशिता सुरोलिया ने स्थानीय उत्पादों एवं व्यवसायों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की संभावनाओं पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध उत्पादों और उद्यमशीलता को व्यापक बाजार से जोड़ने के लिए मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क, बाजार की समझ और प्रभावी रणनीति जरूरी है। वहीं चांदनी जग्गा ने राजस्थान से तकनीक आधारित व्यवसाय खड़ा करने के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने महिला उद्यमियों को तकनीक और नवाचार को अपनाने, नए अवसरों की पहचान करने तथा आत्मविश्वास के साथ व्यवसाय विस्तार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण व्यावसायिक परिचय एवं नेटवर्किंग सत्र रहा। इसमें प्रत्येक प्रतिभागी ने अपने व्यवसाय, सेवाओं और उत्पादों की जानकारी देने के साथ यह भी बताया कि वह किस तरह के ग्राहकों, व्यावसायिक साझेदारों और बाजारों से जुड़ना चाहती हैं। विभिन्न चरणों में प्रतिभागियों के बीच सीधे व्यावसायिक संपर्क स्थापित कराए गए। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आई विशिष्ट अतिथियों एवं महिला उद्यमियों का सम्मान भी किया गया। पीयूष गुप्ता ने कहा कि व्यवसाय की वास्तविक मजबूती भरोसे और आपसी संबंधों से आती है। 'शी लीड्स' का उद्देश्य कोटा की महिला उद्यमियों को ऐसा नेटवर्क उपलब्ध कराना है, जिसके माध्यम से वे स्थानीय सीमाओं से आगे बढ़कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। कार्यक्रम के अंत में बीएनआई सहज चैप्टर की लीडरशिप टीम के अध्यक्ष अमान खान, उपाध्यक्ष आयुष जैन एवं सचिव प्रतीक गुप्ता ने अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद आयोजित ओपन नेटवर्किंग सत्र में महिला उद्यमियों ने आपसी संपर्क बढ़ाए और भविष्य में व्यावसायिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की।

दिसंबर में होगा इंडस्ट्रियल एंड टूरिज्म समिट 2.0

बीएनआई कोटा डिस्ट्रिक्ट की ओर से दिसंबर 2026 में तीन दिवसीय 'इंडस्ट्रियल एंड टूरिज्म समिट 2.0' आयोजित किया जाएगा। 'बिजनेस मीट्स डेस्टिनेशन' थीम पर प्रस्तावित इस समिट में उद्योग, व्यापार और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े उद्यमी एक मंच पर जुटेंगे। इसका उद्देश्य कोटा एवं हाड़ौती क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों, निवेश और पर्यटन आधारित कारोबार की नई संभावनाओं को प्रोत्साहित करना है।

रोहित-विराट 6 साल बाद न्यूजीलैंड में साथ खेलेंगे

कोहली ने यहां 50 की औसत से 596 रन बनाए, रोहित को अब भी शतक का इंतजार

नई दिल्ली, एजेंसी। रोहित शर्मा और विराट कोहली फरवरी 2020 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड की धरती पर साथ खेलेंगे। दोनों आखिरी बार 29 फरवरी 2020 को हैमिल्टन में तीसरे टी-20 इंटरनेशनल में उतरे थे। इसके बाद वे 4 नवंबर को पांच वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में एक साथ उतरेंगे। टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास लेने के बाद अब दोनों सिर्फ वनडे खेल रहे हैं। ऐसे में यह सीरीज 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का मौका है। यह दोनों का न्यूजीलैंड का आखिरी दौरा भी हो सकता है।

न्यूजीलैंड में कोहली का रिकॉर्ड रोहित से बेहतर – न्यूजीलैंड की पिचों पर तेज गेंदबाजों को हवा और उछाल से मदद मिलती है। गेंद स्विंग होने पर बल्लेबाजों के लिए उसे सही समय पर खेलना चुनौती बन जाता है। इन परिस्थितियों में विराट कोहली का रिकॉर्ड रोहित शर्मा से बेहतर रहा है। कोहली न्यूजीलैंड में 600 वनडे रन पूरे करने से सिर्फ 4 रन दूर हैं। उन्होंने वहां 13 वनडे में 596 रन बनाए हैं। उनका औसत 49.66 और स्ट्राइक रेट 91.41 है। इस दौरान उन्होंने एक शतक और 4 अर्धशतक लगाए हैं। रोहित ने न्यूजीलैंड में 14 वनडे में 437 रन बनाए हैं।

भारत-न्यूजीलैंड पहला वनडे आज

15 हजार रन से 400 छक्कों तक, रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में बना सकते हैं 5 रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की रोमांचक वनडे सीरीज के लिए भारत तैयार है। इसका पहला मुकाबला आज (4 नवंबर) को ऑकलैंड में खेला जाएगा। इस सीरीज में रोहित शर्मा के पास कई रिकॉर्ड तोड़ने और नए मुकाम हासिल करने का मौका होगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल ही में घरेलू सीरीज में शानदार फॉर्म दिखाने वाले रोहित चाहेंगे कि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ इन पांच वनडे मैचों में भी बेहतरीन प्रदर्शन करें। न्यूजीलैंड में खेले गए वनडे मैचों की बात करें तो रोहित शर्मा ने 14 मैचों की 13 पारियों में 36.41 के औसत से 437 रन बनाए हैं। इसमें चार अर्धशतक शामिल हैं। रोहित शर्मा के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच वनडे में 21 हजार अंतरराष्ट्रीय रन और वनडे में 400 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बनने का मौका होगा। यहां कुछ ऐसे रिकॉर्ड और मुकाम दिए गए हैं, जिन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ इन पांच वनडे मैचों के दौरान रोहित शर्मा हासिल कर सकते हैं:

21 हजार इंटरनेशनल रन – रोहित 21 हजार इंटरनेशनल रन पूरे करने से बस 348 रन दूर हैं।



उन्होंने 517 इंटरनेशनल मैचों की 550 पारियों में 42.66 के औसत से 20,652 रन बनाए हैं। इसमें 52 शतक और 113 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 264 रन है। न्यूजीलैंड में एक शतक लगाते ही रोहित शर्मा, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और शिखर धवन की उस सूची में शामिल हो जाएंगे, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया इन सभी देशों में वनडे शतक लगाए हैं।

SENA देशों में 5,000 रन बनाने वाले पहले ओपनर – रोहित विदेश में एक बार फिर इतिहास रचने के करीब हैं। वह दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया देशों में 5,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाले पहले भारतीय ओपनर बनने से सिर्फ 36 रन दूर हैं। रोहित ने 114 मैचों की 123 पारियों में 44.32 के औसत से 4,964 रन बनाए हैं, जिसमें 17 शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 171 है।

जीत में 15 हजार अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज बनने के करीब – रोहित शर्मा ने 327 अंतरराष्ट्रीय मैचों की 340 पारियों में जीत के दौरान 51.62 के औसत से 14,817 रन बनाए हैं। इसमें 42 शतक और 79 अर्धशतक शामिल हैं। 183 रन और बनाते ही वह जीत में 15 हजार अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाले चौथे खिलाड़ी बन जाएंगे। रिकी पोंटिंग (377 मैचों में 55 शतकों के साथ 20,140 रन), विराट कोहली (338 मैचों में 60 शतकों के साथ 18,589 रन) और सचिन तेंदुलकर (307 मैचों में 53 शतकों के साथ 17,113 रन) पहले ही इस क्लब का हिस्सा हैं।

वनडे में 400 छक्कों तक पहुंचने वाले पहले बल्लेबाज – रोहित शर्मा को वनडे में 400 छक्कों तक पहुंचने वाले पहले बल्लेबाज बनने के लिए 19 और छक्कों की जरूरत है। अभी उनके नाम वनडे में 381 छक्के दर्ज हैं। अगर वे 7 छक्के और लगा लेते हैं तो वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 700 छक्कों के आंकड़े तक भी पहुंच जाएंगे।

कोहली के पास वनडे में 7 रिकॉर्ड बनाने का मौका – भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज में विराट कोहली लिस्ट ए में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं। उन्हें वनडे रन-चेज में सबसे ज्यादा रन बनाने के लिए 54 रन और चाहिए।

यशस्वी जायसवाल ने ठोकी धमाकेदार सेंचुरी

साई सुदर्शन फ्लॉप, देवदत्त पडिक्कल का नहीं खुला खाता



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड पहुंचकर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच तीन मैचों की सीरीज जारी है, जो कि अनाधिकारिक है। इसी के दूसरे मैच में यशस्वी जायसवाल ने धमाकेदार सेंचुरी ठोक दी है। हालांकि साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल का बल्ला नहीं चला। इस बीच भारत ने ?न्यूजीलैंड पर अच्छी बढ़त बना ली है।

यशस्वी जायसवाल ने 119 बॉल पर पूरी की अपनी सेंचुरी – यशस्वी जायसवाल ने भारत ए की ओर से खेलते हुए न्यूजीलैंड ए के खिलाफ जबरदस्त बल्लेबाजी की और अपना शतक पूरा किया। उन्होंने केवल 119 बॉल पर अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। खास बात ये रही कि अपने आक्रामक अंदाज में जायसवाल ने छक्का लगाकर इस मुकाम को हासिल किया। शतक लगाने के बाद जायसवाल और भी ज्यादा आक्रामक हो गए और अपनी बल्लेबाजी जारी रखी। इससे पहले इसी सीरीज के पहले मैच में वे पहली पारी में 17 और दूसरी में केवल 5 रन बनाकर आउट हो गए थे, इसके बाद उन पर सवाल उठने शुरू हो गए थे, जो अब कुछ कम जरूर होंगे।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम का ऐलान, इसी महीने होगा भारत से मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान की ओर से एशिया कप राइजिंग स्टार्स के लिए टीम का ऐलान कर दिया गया है। टूर्नामेंट का आगाज 19 नवंबर से होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच भी मुकाबला होना है। भारतीय टीम का ऐलान पहले ही किया जा चुका है। पाकिस्तानी टीम की कमान अब्दुल समद को दी गई है। इस टूर्नामेंट में जहां एक ओर भारत की ए टीम हिस्सा लेगी, वहीं पाकिस्तानी शाहीन्स भी खेलती हुई नजर आएगी। सभी की नजर भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले पर होगी।

इस बार 50 ओवर का होगा एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट – अब्दुल समद को एशिया कप राइजिंग स्टार्स के लिए पाकिस्तानी टीम की कमान सौंपी गई है। ये टूर्नामेंट वनडे फॉर्मेट पर होगा, यानी 50 ओवर का मैच खेला जाएगा। पाकिस्तान ने 15 खिलाड़ियों की टीम चुनी है। इसमें ज्यादातर ऐसे खिलाड़ी हैं, जो इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। टीम में हसन नवाज, हैदर अली, माज सदाकत,



शमील हुसैन और फरहान यूसुफ को भी शामिल किया गया है। टीम में गेंदबाजी की जिम्मेदारी मोहम्मद हसनैन, अहमद दानियाल, आकिफ जावेद और सुफियान मुकीम के पास रहेगी।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम है डिफेंडिंग चैंपियन – इससे पहले पाकिस्तान शाहीन्स की टीम टी20 और वनडे फॉर्मेट वाला एशिया कप राइजिंग स्टार का? खिताब जीत चुकी है। साल 2023 में जब पिछली बार वनडे फॉर्मेट पर ये टूर्नामेंट हुआ था, तब पाकिस्तानी टीम ही चैंपियन बनी थी। इस बार पाकिस्तान को भारत, नेपाल और यूएई के ग्रुप में रखा गया है।

22 नवंबर को खेला जाएगा भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला

वैसे तो टूर्नामेंट का आगाज 19 नवंबर से हो जाएगा, लेकिन पाकिस्तानी टीम अपना पहला मैच 20 नवंबर को यूएई के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद आएगा सबसे बड़े मुकाबले का दिन। 22 नवंबर को भारत ए और पाकिस्तान शाहीन्स के बीच मैच होना है। इसके बाद टीम 25 नवंबर को नेपाल के खिलाफ अपना आखिरी लीग मैच खेलेगी। दूसरे ग्रुप में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, हांगकांग और चीन की टीम में शामिल हैं। दोनों ग्रुप से दो टॉप की टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी।

एशिया कप राइजिंग स्टार्स के लिए पाकिस्तान शाहीन्स की टीम : अब्दुल समद (कप्तान), अहमद दानियाल, आकिफ़ जावेद, दानिश अजीज, फरहान यूसुफ, हैदर अली, हसन नवाज, माज सदाकत, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद इमरान, रोहेल नजीर (विकेट कीपर), साद मसूद, शाहजैब खान, शमील हुसैन, सुफियान मुकीम।

एशिया कप राइजिंग स्टार्स के लिए भारत ए की टीम : अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, प्रभसिमरन सिंह (विकेट कीपर), तिलक वर्मा (कप्तान), रजत पाटीदार (उपकप्तान), रिंकू सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेट कीपर), सूर्यांश शेडगे, शाहबाज अहमद, विप्रज निगम, हर्ष दुबे, तनुश कोटियन, हर्षित राणा, प्रिंस यादव, अरशद खान।

ग्लेन मैक्सवेल ने 38 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास

ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले कुल 286 मैच

नई दिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट जगत से एक बड़ी खबर सामने आई है। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने 38 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इसके साथ ही उनके शानदार इंटरनेशनल करियर का अंत हो गया। मैक्सवेल ने अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी, गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग से खेल जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी और उन्हें व्हाइट-बॉल क्रिकेट में दुनिया के सबसे खतरनाक खिलाड़ियों में गिना जाता था। वह हाल ही में ETPL में खेलते हुए नजर आए थे।

2012 में मैक्सवेल ने किया था इंटरनेशनल डेब्यू – ग्लेन मैक्सवेल ने साल 2012 में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था। वह अपनी ताबड़तोड़ और आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर बहुत



कम समय में ही क्रिकेट की दुनिया में अपना नाम बनाने में कामयाब रहे। उन्होंने 149 वनडे मैचों में कुल 3990 रन बनाए, जिसमें 4 शानदार शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं। वनडे में उनका खेलने का तरीका बेहद आक्रामक था और उनका स्ट्राइक रेट 126.71 का रहा। ह्यष्ठढ्ढ में उनका सबसे बड़ा स्कोर नाबाद 201 रन रहा, जो उन्होंने साल 2023 के वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान के खिलाफ एक मुश्किल समय में ऐतिहासिक पारी खेलते हुए बनाया था।

वनडे में मैक्सवेल का प्रदर्शन रहा शानदार – मैक्सवेल सिर्फ एक शानदार बल्लेबाज ही नहीं, बल्कि एक बेहतरीन ऑफ स्पिनर भी थे। उन्होंने वनडे में 77 और टी20 इंटरनेशनल में 51 विकेट हासिल किए थे। इसके अलावा फील्डिंग में भी उन्होंने कमाल किया था। उन्हें अपने दौर के सबसे बेहतरीन फील्डरों में गिना जाता था। टी20 क्रिकेट की बात करें तो उन्होंने 130 मैचों में 2897 रन बनाए, जिसमें 5 शतक और 12 अर्धशतक शामिल हैं। इस फॉर्मेट में उनका स्ट्राइक रेट 154 से भी ज्यादा का था। वहीं टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 7 मैच खेलकर 1 शतक की मदद से कुल 339 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए वह कुल 286 इंटरनेशनल मैच खेलने में कामयाब रहे।

आईपीएल में भी कई फ्रेंचाइजी के लिए खेल चुके हैं मैक्सवेल – इंटरनेशनल क्रिकेट के साथ-साथ फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी ग्लेन मैक्सवेल का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। आईपीएल में भी मैक्सवेल का जलवा खूब देखने को मिला। उन्होंने आईपीएल में 141 मैच खेलकर 2819 रन बनाए। मैक्सवेल दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और आरसीबी जैसी बड़ी टीमों के लिए खेल चुके हैं। वह ऑस्ट्रेलिया की 2015 और 2023 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का भी अहम हिस्सा रहे थे।

प्रेमा रावत ने तोड़ा पाकिस्तानी खिलाड़ी का वर्ल्ड रिकॉर्ड

14 गेंदों में फिफ्टी जड़कर रचा इतिहास



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेटर प्रेमा रावत ने महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। भारतीय सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में उत्तराखंड टीम की तरफ से खेलते हुए प्रेमा ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 14 गेंदों में ही 50 रन ठोक डाले। इस तरह प्रेमा ने पाकिस्तानी खिलाड़ी फातिमा सना का पुराना रिकॉर्ड तोड़कर यह नया कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है।

फातिमा सना ने 15 गेंदों में लगाया था अर्धशतक – इससे पहले महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज फिफ्टी बनाने का रिकॉर्ड फातिमा सना के नाम था, जिन्होंने 15 गेंदों पर फिफ्टी बनाई थी। अब प्रेमा रावत ने सिर्फ 14 गेंदों में यह कमाल करके पूरी दुनिया में अपना और देश का नाम रोशन कर दिया है। आपको बता दें कि प्रेमा ने अपनी इस आतिशी पारी में 50 में से 48 रन सिर्फ चौकों और छक्कों से ही बना डाले। प्रेमा ने इस पारी में 357.14 के तूफानी स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और एक नया इतिहास रच दिया।

उत्तराखंड ने 89 रनों से जीता मुकाबला – मैच की बात करें तो, प्रेमा रावत की शानदार पारी की बदौलत उत्तराखंड की टीम ने 20 ओवरों में सिर्फ 2 विकेट के नुकसान पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में हैदराबाद की टीम पूरे ओवर खेलने के बाद भी सिर्फ 98 रन ही बना पाई। इस तरह उत्तराखंड ने यह मैच 89 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया। प्रेमा रावत के अलावा उत्तराखंड की तरफ से राघवी बिस्ट ने नाबाद 72 रन और करीना ने 44 रनों की बेहतरीन पारियां खेलीं। वहीं नीलम भारद्वाज ने 19 रनों का योगदान दिया। हैदराबाद के खिलाफ इस मैच में प्रेमा रावत ने गेंदबाजी में भी अपने योगदान दिया। प्रेमा रावत ने इस मैच में 2 विकेट चटकाए। प्रेमा ने अपने 4 ओवर के कोटे में सिर्फ 12 रन देकर ये 2 विकेट हासिल किए। उनके अलावा, निशा और सफीना को भी 2-2 विकेट मिले, जबकि पूजा राज और करीना ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

भारत के लिए 7 टी-20 मैच खेल चुकी हैं प्रेमा रावत – आपको बता दें कि प्रेमा रावत एक गेंदबाज हैं, वह एक स्पिन बॉलर हैं। लेकिन इस मैच में उन्होंने बल्लेबाजी में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। 24 साल की यह खिलाड़ी भारत के लिए अब तक 7 टी20 मैच खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने 7 विकेट भी लिए हैं। इसी साल जून में उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था, और हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ हुई टी20 सीरीज में भी वह भारतीय टीम का हिस्सा थीं।

ICC ODI रैंकिंग में अफगानिस्तान ने पहली बार टॉप-6 में बनाई जगह

श्रीलंका-इंग्लैंड को छोड़ा पीछे, भारत नंबर 1 पर



नई दिल्ली, एजेंसी। अफगानिस्तान की टीम ने वनडे रैंकिंग में एक बहुत बड़ा और ऐतिहासिक मुकाम हासिल कर लिया है। साल 2009 में अपना पहला वनडे मैच खेलने वाली इस टीम ने पहली बार आईसीसी की वनडे रैंकिंग में टॉप-6 में जगह बना ली है। खास बात यह है कि बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान ने श्रीलंका, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज जैसी पूर्व वर्ल्ड चैंपियन टीमों को पीछे छोड़ते हुए टॉप-6 में पहली बार जगह बनाने में कामयाब रही है। अफगानिस्तान ने पिछले महीने यूएई में वनडे ट्राई सीरीज जीती थी। हाल ही में इस टीम ने हांगकांग सुपर सिक्सेस का खिताब अपने नाम किया था।

अब तक 96 वनडे मैच जीत चुकी है टीम इंडिया – साल 2009 में वनडे क्रिकेट में कदम रखने के बाद से अफगानिस्तान ने इस फॉर्मेट में कुल 191 मैच खेले हैं, जिसमें से उसने 96 मैचों में जीत हासिल की है। इन 17 सालों के शानदार सफर और बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर ही आज अफगानिस्तान की टीम रैंकिंग में मजबूत स्थिति में पहुंच पाई है। दूसरी तरफ श्रीलंकाई टीम के भी रैंकिंग में 94 अंक हैं, लेकिन वह खिसककर सातवें स्थान पर आ गई है। श्रीलंका को लाहौर में हुई वनडे ट्राई सीरीज के फाइनल में तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। फाइनल से पहले भी उसे इंग्लैंड के हाथों 55 रनों से शिकस्त मिली थी। इसके अलावा, रैंकिंग में इंग्लैंड 93 अंकों के साथ आठवें, बांग्लादेश 81 अंकों के साथ नौवें और वेस्टइंडीज 79 अंकों के साथ दसवें स्थान पर है।

वनडे रैंकिंग में टॉप पर है टीम इंडिया – मेंस वनडे रैंकिंग में भारत पहले नंबर पर बना हुआ है और 115 अंकों के साथ टॉप पर है। भारत ने अपनी पिछली वनडे सीरीज घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली थी। अब उसे 4 नवंबर से न्यूजीलैंड में पांच मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इस रैंकिंग में न्यूजीलैंड 109 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है, जबकि साउथ अफ्रीका (104 अंक) तीसरे, पाकिस्तान (104 अंक) चौथे और ऑस्ट्रेलिया (102 अंक) पांचवें नंबर पर हैं।

भारत-पाकिस्तान मैच के टिकटों की मांग फाइनल से भी ज्यादा

वनडे वर्ल्ड कप के लिए सीटें 34 हजार, आवेदन आए 84 लाख; जोहान्सबर्ग में मुकाबला

नई दिल्ली । वनडे वर्ल्ड कप 2027 में भारत और पाकिस्तान के मुकाबले को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह है। 10 अक्टूबर के इस मैच के टिकटों के लिए 84 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए हैं। जोहान्सबर्ग के स्टेडियम की दर्शक क्षमता सिर्फ 34 हजार है। यानी उपलब्ध सीटों के मुकाबले करीब 247 गुना ज्यादा आवेदन आए हैं।

फाइनल के लिए भी 79 लाख आवेदन – टिकटों की मांग के मामले में भारत-पाकिस्तान मुकाबला पहले नंबर पर है। आईसीसी के मुताबिक, भारत-पाकिस्तान मैच के लिए कुल 83,97,294 टिकट आवेदन मिले हैं। 21 नवंबर को इसी स्टेडियम में होने वाले वर्ल्ड कप फाइनल के लिए 79,00,944 रजिट्रेशन हुए हैं।

21 नवंबर तक टिकट के लिए रजिस्ट्रेशन होंगे – वर्ल्ड कप के टिकटों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 21 नवंबर 2026 तक जारी रहेगी। इसमें पहले रजिस्ट्रेशन होगा और मांग ज्यादा होने पर कंप्यूटराइज्ड रैंडम लॉटरी से टिकट खरीदने के लिए आवेदकों का चयन किया जाएगा। यह पहले आओ-पहले पाओ वाला सिस्टम नहीं है।

193 देशों से मिले 12 करोड़ आवेदन – आईसीसी को अब तक टूर्नामेंट के लिए 193 देशों से 12 करोड़ से ज्यादा टिकट आवेदन मिले हैं। साउथ अफ्रीका में होने वाले 41 मैचों के लिए ही 10.5 करोड़ से ज्यादा आवेदन मिले हैं। इनमें मेजबान टीम के मैचों के लिए करीब 2.6 करोड़ आवेदन आए हैं।

24 साल बाद अफ्रीका में होगा वर्ल्ड कप – वनडे वर्ल्ड कप 24 साल बाद अफ्रीकी धरती पर लौटेगा। साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया संयुक्त रूप से इसकी मेजबानी करेंगे। टूर्नामेंट में 14 टीमें हिस्सा लेंगी और 12 वेन्यू पर कुल 57 मैच खेले जाएंगे। वर्ल्ड कप के लिए 12 वेन्यू में से 8 साउथ अफ्रीका, 3 जिम्बाब्वे और 1 नामीबिया में है। नामीबिया पहली बार मेंस के सीनियर वर्ल्ड कप के मैचों की मेजबानी करेगा।

'सुबह उठकर सोचता हूं आखिर इतनी मेहनत क्यों करूं'

टीम इंडिया से नजरअंदाज किए जाने पर छलका सरफराज खान का दर्द

नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया से बाहर चल रहे घरेलू क्रिकेट के धुरंधर बल्लेबाज सरफराज खान ने एक बार फिर अपनी निराशा खुलकर जाहिर की है। रेलवे के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मुकाबले के पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अब सुबह उठकर उनके मन में यही सवाल आता है कि जब टीम में मौका ही नहीं मिलना है, तो वह इतनी कड़ी मेहनत क्यों कर रहे हैं। सरफराज ने बताया कि वह रोज सुबह 5 बजे उठकर अपनी पुरानी रूटीन को फॉलो करते हैं। वह भारत के लिए खेल चुके हैं और मुंबई के लिए लगातार रन बना रहे हैं, लेकिन फिर भी टीम में वापसी का इंतजार लंबा होता जा रहा है।



पिता से मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा – न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से सरफराज ने बताया कि मुश्किल समय और निराशा के दौर में उनके पिता नौशाद खान ही उनकी सबसे बड़ी ताकत और प्रेरणा हैं। सरफराज का कहना है कि जब कभी उनके मन में यह सवाल उठता है कि वह इतनी मेहनत क्यों करें, तब वह अपने पिता को कड़ी मेहनत करते हुए देखते हैं। पिता को देखकर उन्हें फिर से मैदान पर उतरने और उनके लिए रन बनाने की प्रेरणा मिल जाती है। अपनी प्रैक्टिस के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि अगर किसी को उनसे मिलना हो तो उसे घर जाने की जरूरत नहीं है, वह सुबह 6 बजे सीधे आजाद मैदान या क्रॉस मैदान पहुंच जाए, सरफराज वहीं मिलेंगे।

चयनकर्ताओं को सिर्फ घरेलू पिचों के लिए उपयोगी लगती है मेरी सेवाएं- सरफराज

फरवरी 2024 में भारत के लिए टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज ने अब तक अपने सभी छह टेस्ट मैच देश में यानी घरेलू मैदानों पर ही खेले हैं। उन्होंने एक चौंकाने वाला दावा करते हुए कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि टीम मैनेजमेंट उनकी सेवाएं सिर्फ भारत की घरेलू पिचों पर ही देख रहा है, हालांकि चयनकर्ताओं ने उन्हें इस बारे में सीधे तौर पर कुछ नहीं बताया है। विदेशी दौरों पर मौका न मिलने पर हैरानी जताते हुए सरफराज ने साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के दौरों का जिक्र किया, जहां उन्होंने 'इंडिया ए' की तरफ से खेलते हुए अभ्यास मैचों में शानदार शतक जड़े थे।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com